Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

माँ ब्रह्मचारिणी

RNI NO. UPHIN/2018/76

वर्ष: 6 अंक: 262 | मंगलवार, 23 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया


### भारत- मोरक्को ने किए रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर

## मोरक्को में बोले राजनाथ सिंह 'गुलाम कश्मीर खुद कहेगा, मैं भारत हूं'

**नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को पूरे विश्वास के साथ कहा कि भारत बगैर किसी आक्रामक कदम उठाए गुलाम जम्मू-कश्मीर पर फिर से नियंत्रण पा लेगा।

क्योंकि पाकिस्तान के कब्जे वाले इस क्षेत्र के लोग मौजूदा प्रशासन से स्वतंत्रता की मांग कर रहे हैं। मोरक्को में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत के दौरान रक्षा मंत्री ने कहा, 'गुलाम जम्मू-कश्मीर खुद से हमारा होगा। वहां मांगें उठने लगी हैं, आपने नारेबाजी जरूरी सुनी होगी।' राजनाथ ने बताया कि उन्होंने पांच साल पहले जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना के एक कार्यक्रम के दौरान यही बात कही थी उन्होंने कहा, 'पांच साल पहले कश्मीर घाटी में सेना के एक कार्यक्रम में मैंने कहा था कि हमें गुलाम जम्मू-कश्मीर पर हमला करने और उसे अपने नियंत्रण में लेने आवश्यकता नहीं होगी। यह तो हमेशा से हमारा है। गुलाम जम्मू-कश्मीर खुद कहेगा, मैं भी भारत हूं। यह दिन जल्द आएगा।' जबकि रक्षा मंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में कहा, 'आतंकियों ने देशवासियों का धर्म पूछकर मारा था, लेकिन हम लोगों ने किसी का धर्म नहीं, उनका कर्म देखकर मारा है।' उन्होंने बताया कि भारतीय सशस्त्र बलों को पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर कायरतापूर्ण आतंकी हमले का माकूल जवाब देने के लिए पूरी स्वतंत्रता दी गई थी। रविवार को मोरक्को पहुंचे राजनाथ ने कहा कि आज भारत बोलता है तो पूरी दुनिया सुनती है। उन्होंने भारत के बढ़ते वैश्विक कद पर भी प्रकाश डाला। भारत और मोरक्को ने सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सोमवार को समझौते पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया, मोरक्को के रक्षा मंत्री अब्देलतिफ लाउदी के साथ बैठक में हमने आतंकवाद विरोधी प्रयासों, समुद्री सुरक्षा, साइबर रक्षा और क्षमता निर्माण सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।



### ममता बनर्जी ने केंद्र पर साधा निशाना

## जीएसटी सुधार का लाभ बताने सड़क पर उतरे कई राज्यों के मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।**



जीएसटी 2.0 का लाभ बताने और उसे जन-जन तक पहुंचाने में केंद्र के साथ कई राज्य सरकारें भी जुटी हुई हैं। सोमवार को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में बाजार में पैदल चलकर व्यापारियों और ग्राहकों से संवाद किया। मप्र के मुख्यमंत्री मोहन लाल यादव भोपाल में तो उत्तराखंड के मुख्यमत्री पुष्कर च्सह धामी देहरादून में लोगों से मुलाकात की।मुख्यमंत्री आदित्यनाथ गोरखपुर में 'जीएसटी रिफार्म जागरूकता अभियान' का शुभारंभ करते हुए सुबह 11 बजे सबसे पहले स्टाइल बाजार गए। प्रतिष्ठान के मुख्य द्वार पर 'घटी जीएसटी मिला दीवाली का उपहार..खुशहाल है हर परिवार' लिखा स्टिकर लगाया। उन्होंने गीता होलसेल मार्ट में कपड़ों पर लगे मूल्य के टैग भी देखे, जिस पर जीएसटी रिफार्म से पहले और बाद के मूल्य लिखे मिले। मप्र के सीएम मोहन यादव भोपाल में व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर पहुंचे और जीएसटी कटौती पर लोगों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने 2400 रुपये का खादी का कुर्ता पजामा भी खरीदा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून के प्रेमनगर बाजार पहुंचे।

## मुंबई-ठाणे में बनेगा देश का सबसे लंबा मेट्रो रेल रूट




**नई दिल्ली।**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि देश का सबसे लंबा 58 किलोमीटर का मेट्रो रेल रूट मुंबई और ठाणे को मिलाकर तैयार किया जा रहा है। इसके तैयार होने पर करीब 22 लाख यात्री इससे प्रतिदिन यात्रा करेंगे। मुंबई और उसके पड़ोसी शहर ठाणे को जोड़ते हुए मेट्रो लाइन 4 एवं 4ए का निर्माण किया जा रहा है। सोमवार को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ इस रूट के प्रथम चरण का ट्रायल रन देखने के बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि करीब 16 हजार करोड़ रुपयों की लागत से यह मेट्रो रूट बना है। मुंबई के वडाला, घाटकोपर, मुलुंड होते हुए ठाणे के कासरवडावली एवं गायमुख तक को जोड़नेवाले इस प्रथम चरण का रूट शुरू होने के बाद प्रतिदिन करीब 13 लाख यात्री लाभान्वित होंगे। 2026-27 तक वडाला से आगे छत्रपति शिवाजी टर्मिनस रेलवे स्टेशन तक जानेवाला रूट भी इससे जुड़ जाने के बाद इससे लाभान्वित होनेवाले यात्रियों की संख्या प्रतिदिन 22 लाख तक पहुंच जाएगी। 58 किमी. का यह रूट तैयार होने के बाद यह देश का सबसे बड़ा मेट्रो रूट बन जाएगा।

> 22 लाख यात्री हर दिन कर सकेंगे यात्रा

## दुश्मन से लोहा लेने के लिए स्वदेशी लाइट टैंक जोरावर तैयार




**नई दिल्ली।**

भारत का पहला स्वदेशी अत्याधुनिक बख्तरबंद हल्के टैंक जोरावर जमीन से लेकर आसमान तक दुश्मन से मोर्चा लेने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसे हर तरह की परिस्थितियों और चुनौतियों का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के काम्बैट व्हीकल्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट (सीवीआरडीई) और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने मिलकर रिकार्ड 24 महीने में तैयार किया है। इस टैंक को एलएंडटी के आर्मर्ड सिस्टम्स कॉम्प्लेक्स, हजीरा में तैयार किया जा रहा है। यह टैंक 2020 में भारत-चीन के गलवान घाटी विवाद के बाद शुरू किए गए प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इस टैंक को चीन के टाइप-15 लाइट टैंक का जवाब माना जा रहा है, जो वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत की युद्ध क्षमताओं को कई गुना बढ़ा देगा। 25 टन वजनी यह टैंक हाई पावर टू वेट रेशियो के साथ आता है।

## रूस 2026 में भारत को डिलीवरी करेगा एस-400 मिसाइल सिस्टम

**नई दिल्ली।**



साल 2018 में भारत के साथ हुए 5.43 अरब डालर के समझौते के तहत रूस अगले वर्ष एस-400 ट्रायम्फ वायु रक्षा प्रणाली की डिलीवरी पूरी करेगा। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मिसाइल सिस्टम की चार प्रणालियां अब तक डिलीवर की जा चुकी हैं जबकि पांचवीं अगले वर्ष यानी 2026 में दी जाएगी।

एक रक्षा स्त्रोत के अनुसार, लगभग 40,000 करोड़ रुपये वाला यह समझौता अमेरिका की प्रतिबंधों की धमकी को नजरअंदाज करते हुए पांच अक्टूबर 2018 को औपचारिक रूप से हस्ताक्षरित किया गया था। बता दें कि एस-400 वायु रक्षा प्रणाली मई में पाक के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहुत प्रभावी साबित हुई थी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, 5.43 बिलियन अमेरिकी डॉलर (40,000 करोड़ रुपये) के इस सौदे पर अमेरिकी प्रतिबंधों के खतरे को नजरअंदाज करते हुए 5 अक्टूबर 2018 को औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए गए थे। मार्च 2021 में अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने भारत द्वारा रूस की र-400 वायु मिसाइल प्रणाली की योजनाबद्ध खरीद पर चर्चा की और चेतावनी दी कि र-400 की खरीद से उअअळरअ प्रतिबंध लग सकते हैं। अब तक अमेरिका ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा अपने पहले कार्यकाल में हस्ताक्षरित प्रतिबंधों के माध्यम से अमेरिका के विरोधियों का मुकाबला करने संबंधी अधिनियम को लागू नहीं किया है क्योंकि र-400 सौदा औपचारिक रूप से पूरा नहीं हुआ है।

## छत्तीगढ़ के नान घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, दो पूर्व आइएएस अधिकारियों को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।**




छत्तीसगढ़ में वर्ष 2015 में भाजपा की डा. रमन सिंह सरकार में सामने आए नागरिक आपूर्ति निगम (नान) घोटाले में आरोपित बनाए गए दो पूर्व आइएएस अधिकारियों डा. आलोक शुक्ला और अनिल टुटेजा को सोमवार को ईडी की दिल्ली से आई टीम ने रायपुर से गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट से 16 अक्टूबर तक रिमांड की मंजूरी मिलने पर जांच एजेंसी दोनों को दिल्ली लेकर रवाना हो गई। आरोप है कि शुक्ला और टुटेजा ने अपने पद और अधिकार का दुरुपयोग करते हुए जांच को प्रभावित करने की कोशिश की थी। शुक्ला और टुटेजा को हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत मिली थी। इसे पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की डबल बेंच ने रद कर दिया था। बता दें कि 12 फरवरी 2015 को नान के 28 परिसरों पर एसीबी और इओडब्ल्यू ने एक साथ छापे मारे थे। इस दौरान 3.64 करोड़ रुपये नकद जब्त किए गए थे। साथ ही एकत्र किए गए चावल और नमक के कई नमूनों की गुणवत्ता की जांच की गई, जो घटिया निकले थे।



## 'पीएम मोदी ने असंभव को संभव बनाया' उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री की जमकर की तारीफ

**नई दिल्ली।**

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी असंभव को संभव बना सकते हैं। उन्होंने मोदी को देश-विदेश में करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बताया और कहा कि वह अपने आचरण के माध्यम से लोगों को उनके सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करते हैं और जो आम आदमी के प्रतिनिधि से एक सच्चे जन नेता के रूप में उभरे हैं। प्रधानमंत्री के भाषणों के दो सेट का विमोचन करते हुए सोमवार को उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जनहित के लिए शुद्ध हृदय से कार्य करते हैं और किसी भी चीज की अपेक्षा नहीं करते। मोदी की दृढ़ता ने लोगों को दिखाया है कि असंभव को संभव कैसे बनाया जा सकता है। प्रधानमंत्री के प्रत्येक भाषण में दृढ़ता, संकल्प और जन कल्याण का संदेश होता है। स्वामी विवेकानंद के उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा, "उठो, जागो, और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत।" उन्होंने विश्व नेताओं के साथ मोदी के संबंधों को उजागर किया, जिनमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी नेता शी चिनफिंग शामिल हैं।

## यशोदा हाफ मैराथन 3.0 पर सवाल दिखावे की चमक या सच में स्वास्थ्य की दौड़?

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** यशोदा मेडीसिटी और गाजियाबाद प्रशासन ने बड़े तामझाम के साथ हाफ मैराथन 3.0 का लोगो और मेडल लॉन्च किया है, लेकिन इस आयोजन पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। 28 सितंबर को होने वाली इस दौड़ में 3000 से अधिक प्रतिभागियों की भागीदारी का दावा किया गया है, मगर लोगों का कहना है कि पिछले वर्षों की तरह इस बार भी यह सिर्फ प्रचार का जरिया बनकर रह जाएगा।

**दिखावे में दबा 'हेल्थ अवेयरनेस':** विश्व हृदय दिवस से पहले ह्यरन फॉर योर हार्टह्ल थीम पर हो रही इस मैराथन को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञों की राय बंटी हुई है। जहां अस्पताल प्रबंधन इसे फिटनेस



जागरूकता बता रहा है, वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर की टूटी सड़कें, धूल और प्रदूषण में दौड़ कर सेहत सुधरेगी या बिगड़ेगी झ यह बड़ा सवाल है।

**प्रशासनिक दावों पर संदेह:** मैराथन को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा और रूट प्लानिंग की मीटिंग की, लेकिन शहर में पहले से ही ट्रैफिक और अव्यवस्था चरम पर है। नागरिकों का आरोप है कि प्रशासन सिर्फ दिखावटी तैयारियां करता है, हकीकत में न तो पर्याप्त ट्रैफिक कंट्रोल होता है और न ही चिकित्सा सुविधाएं समय पर उपलब्ध रहती हैं।

**पुरस्कार या झुनझुना:** आयोजकों ने अलग-अलग श्रेणियों में 11,000, 7,100 और 5,100 रुपये जैसे नकद पुरस्कारों की घोषणा की है। लेकिन कई प्रतिभागियों का कहना है कि लाखों रुपये के स्पॉन्सरशिप और ब्रांडिंग खर्च के मुकाबले ये पुरस्कार नगण्य हैं और असली मकसद सिर्फ अस्पताल और प्रशासन की छवि चमकाना है।

**विशेषज्ञों की मौजूदगी पर क्या असर:** समारोह में डॉक्टरों और विशेषज्ञों की मौजूदगी जरूर रही, लेकिन आलोचकों का कहना है कि उनकी भूमिका सिर्फ फोटो खिंचवाने तक सीमित है। असली सवाल यह है कि क्या इस तरह की दौड़ से वाकई में हृदय रोगों में कमी आएगी या यह आयोजन सिर्फ नाम और प्रचार तक सीमित रहेगा।

## संपादक की कलम से

# मणिपुर में हिंसा

इसमें दोराय नहीं कि मणिपुर के लोगों की मूल समस्याओं का समय पर निपटारा न होने से वहां जातीय हिंसा भड़की और इसका असर आम लोगों के जीवन पर भी पड़ा। मणिपुर में फिर हुई हिंसा के दौरान दो जवानों की मौत हो गई है। मणिपुर में कुछ दिनों की शांति के बाद हिंसक घटनाओं को फिर से हवा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में कुकी जो संगठनों और केंद्र सरकार के बीच पिछले दिनों हुए समझौते तथा उसके बाद प्रधानमंत्री के मणिपुर दौरे के बाद से उम्मीद की जा रही थी कि अब सब कुछ ठीक हो जाएगा। मगर, शुक्रवार शाम को राज्य के बिष्णुपुर जिले में असम राइफल्स के वाहन पर घात लगाकर किए गए हमले में दो जवान शहीद हो गए और पांच अन्य घायल हो गए। हालांकि, इस हमले की किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन माना जा रहा है कि इसके पीछे किसी उग्रवादी संगठन का हाथ हो सकता है। यानी यह घटना राज्य में आपसी संघर्ष के मसले से हटकर क्षेत्र में शांति भंग करने की साजिश हो सकती है। यह आशंका इसलिए भी स्वाभाविक लगती है, क्योंकि इस हमले के विरोध में स्थानीय लोग सड़कों पर उतर आए। इससे साफ है कि अब वे क्षेत्र में किसी तरह की हिंसा नहीं चाहते और शांति कायम रखने के हिमायती हैं। प्रधानमंत्री का मणिपुर दौरा इन्हीं प्रयासों की कड़ी का एक हिस्सा इसमें दोराय नहीं कि मणिपुर के लोगों की मूल समस्याओं का समय पर निपटारा न होने से वहां जातीय हिंसा भड़की और इसका असर आम लोगों के जीवन पर भी पड़ा। कई लोगों को अपना घर–बार छोड़कर शिविरों में शरण लेनी पड़ी और कुछ लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी। यह भी सच है कि हिंसक घटनाओं के बाद सरकार ने राज्य में शांति बहाली को लेकर कई कदम उठाए। पिछले दिनों कुकी जो समुदाय से संबंधित दो संगठनों के साथ शांति समझौता और उसके बाद प्रधानमंत्री का मणिपुर दौरा इन्हीं प्रयासों की कड़ी का एक हिस्सा है। इससे पहले कुकी–जो और मैतेई समुदायों की ओर से आई प्रतिक्रिया से हालात सामान्य होने के संकेत मिले थे। मगर, अब अचानक सुरक्षाबल के वाहन पर हुए घातक हमले ने फिर से चिंता बढ़ा दी है। हालांकि राहत की बात यह है कि स्थानीय लोग इस हमले का कड़ा विरोध कर रहे हैं। ऐसे में सरकार को सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह के हमलों की पुनरावृत्ति न हो और राज्य के लोगों का शासन–प्रशासन पर भरोसा कायम रहे।



ललित शर्मा
संपादक

## प्रेम कभी नहीं मरता

**रीमा महेन्द्र ठाकुर**

कविता



प्रार्थनाएँ अनंत होती हैं, प्रेम बंधा होता है अक्सर
मन्नतों के धागों में, ओस लिपटी होती हैं टहनियों में।
सूखे दरख़्तों में भी लिपटकर मिलन की आस में फूलों में चिपककर
हरि चरणों में उतर आती है।

दुआएं कभी–कभी प्रार्थनाएं बनकर नैनों में उभर आती हैं।
इस दुनिया में कितनी ही प्रेम कहानियां सच्चे मन से अधूरी रही होंगी,
कितने ही प्रेम अंधेरे मन में कैद होंगे हमेशा–हमेशा के लिए।

मरे नहीं मगर बिफरे भी नहीं,
सच रह गए अकेले जैसे तुम, उस पार रह गए हो।

ये जो चमकी सी अब भी तुम्हारी आंखें हैं,
ये जो होंठों पर हल्की सी हंसी तुम्हारी बह आयी है,
किसी जलते दीये में नेह बनकर छू आयी हैं प्रार्थनाएं हरि को।

खींच लाई हैं मुस्कुराहटें तुम्हारी, तुम मानो न मानो
अब भी जुड़े हुए हाथ प्रेम प्रार्थनाओं में बस तुम्हारी खुशियां मांगते हैं।
आस्थाएं अब भी सहेजे हुए हैं उस प्रेम को जिसे तुमने मान लिया है मरा हुआ।

सुनो, वक़्त और किस्मत में उलझकर लोग बिछड़ जाते हैं
लेकिन प्रेम मरा नहीं करते।

तुम मंदिर की घंटियों से, नदी में दमकती प्रार्थनाओं से,
आसमां में चमकते चांद से पूछ लेना—
अक्सर आस्थाओं के दीये में प्रार्थना बन बह जाता है ये तुम्हारा।
भरम है कि प्रेम मर जाता है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

*शारदीय नवरात्रि का दूसरा दिन मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की आराधना के लिए समर्पित होता है। ब्रह्म का अर्थ तपस्या है और चारिणी का अर्थ आचरण करने वाली। इस प्रकार मां ब्रह्मचारिणी तप की अधिष्ठात्री देवी मानी जाती हैं। उनका स्वरूप ज्योतिर्मय और तेजस्वी है। दाहिने हाथ में जपमाला और बाएं हाथ में कमंडल धारण किए वे तपस्या और संयम की प्रतीक हैं।*

# नवरात्रि का दूसरा दिन, जानिए मां ब्रह्मचारिणी का स्वरूप



### देवी ब्रह्मचारिणी का जन्म और तपस्या

पौराणिक कथाओं के अनुसार, हिमालय की पुत्री के रूप में जन्म लेने के बाद नारदजी के उपदेश से उन्होंने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए घोर तप किया। एक हजार वर्षों तक फल और मूल पर जीवन व्यतीत किया, सौ वर्षों तक केवल शाक पर निर्भर रहीं और कई वर्षों तक निर्जल व निराहार तपस्या करती रहीं। वर्षों तक बेलपत्र खाकर और फिर उन्हें भी त्यागकर उन्होंने कठिन साधना की। इसी कारण उनका नाम अर्पणा और उमा भी पड़ा।

**मां की आरधना से सारे कष्ट दूर होते है**

### आराधना मंत्र और पूजा का फल

शारदीय नवरात्रि का दूसरा दिन मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की आराधना के लिए समर्पित होता है। ब्रह्म का अर्थ तपस्या है और चारिणी का अर्थ आचरण करने वाली। इस प्रकार मां ब्रह्मचारिणी तप की अधिष्ठात्री देवी मानी जाती हैं।

### मां ब्रह्मचारिणी की कृपा का महत्व

जो भक्त मां ब्रह्मचारिणी की उपासना करते हैं, उन्हें साधना और तप का अद्भुत फल प्राप्त होता है। इनकी आराधना से त्याग, वैराग्य, संयम, सदाचार जैसे गुण विकसित होते हैं। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी साधक अपने कर्तव्य से विचलित नहीं होता। मां की कृपा से जीवन में विजय और सिद्धि प्राप्त होती है। साथ ही, इच्छाओं और लालसाओं से मुक्ति के लिए भी इस देवी का ध्यान अत्यंत फलदायी माना गया है।

### तपस्या की दिव्यता और देवताओं की प्रशंसा

मां ब्रह्मचारिणी की कठोर तपस्या से तीनों लोकों में हाहाकार मच गया। देवता, ऋषि, मुनि और सिद्धगण उनकी साधना को अभूतपूर्व बताते हुए उनकी स्तुति करने लगे। अंतत: पितामह ब्रह्मा ने आकाशवाणी द्वारा प्रसन्न होकर उन्हें आशीर्वाद दिया कि भगवान शिव पति रूप में उन्हें अवश्य प्राप्त होंगे। इस प्रकार देवी की तपस्या ने पूरे ब्रह्मांड को प्रभावित कर दिया।

### आराधना मंत्र

1. या देवी सर्वभूतेषु माँ ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:।।
2. दधाना कर पद्माभ्याम अक्षमाला कमण्डलू।
देवी प्रसीदतु मई ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

### पूजा विधि और सामग्री

नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा पंचामृत स्नान कराकर आरंभ करनी चाहिए। इसके बाद उन्हें अक्षत, कुमकुम, सिन्दूर और सुगंधित फूल अर्पित करें। सफेद रंग के फूल, विशेषकर कमल और गुड़हल, चढ़ाना शुभ माना जाता है। मां को मिश्री या सफेद मिठाई का भोग लगाएं और आरती करें। हाथ में पुष्प लेकर मां का ध्यान करते हुए मंत्रों का उच्चारण करें।

# अमेरिकी आत्मघाती वीजा बंदिशें, भारत के नये अवसर



ललित गर्ग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर के पेशेवरों, खासकर भारतीयों के सपनों पर एक नई काली छाया डाल दी है, उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया है एवं एक बड़ा संकट खड़ा दिया है। 21 सितंबर की रात 12 बजे के बाद अमेरिका में प्रवेश करने वालों को एच1बी वीजा प्राप्त करने के लिए लगभग एक लाख डॉलर यानी करीब 88 लाख रुपये सालाना शुल्क देना होगा। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा, प्रतिभा-प्रवास और अमेरिका-भारत संबंधों पर गहरा प्रभाव डालने वाला कदम है। अमेरिका के इस कदम के बाद भारत को अपनी आत्म-निर्भरता, स्वदेशी भावना एवं देश की प्रतिभाओं का देश में ही उपयोग को बल देना होगा। भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होने के साथ अवसरों की भूमि बन रहा है। इसलिये अमेरिका के निर्णय से ज्यादा परेशान होने की बजाय इसको सकारात्मक दृष्टि से लेने की जरूरत है। निश्चित ही अमेरिका दशकों से अवसरों की भूमि माना जाता रहा है। यहां आने का सपना रखने वालों के लिए एच1बी वीजा एक सुनहरा टिकट एवं उन्नत जीवन का आधार रहा है। हर साल हजारों भारतीय इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ इस वीजा के माध्यम से अमेरिका जाकर अपने सपनों को साकार करते रहे हैं। सिलिकॉन वैली की चमक और वहां भारतीय प्रतिभाओं का वर्चस्व इसका जीता-जागता प्रमाण है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम और फेसबुक जैसी दिग्गज कंपनियों में उच्च तकनीकी पदों पर भारतीय मूल के लोगों की उपस्थिति सर्वाधिक है। भारतीय आईटी पेशेवरों के बिना अमेरिकी तकनीकी जगत की कल्पना करना कठिन है। एच-1 बी वीजा की फीस में अप्रत्याशित वृद्धि का फैसला भारतीय आइटी कंपनियों के साथ अमेरिकी हितों को भी चोट पहुंचाने वाला है। इनमें आइटी सेक्टर से इतर क्षेत्र की कंपनियां भी हैं। इसका प्रमाण यह है कि उनके फैसले की आलोचना अनेक अमेरिकी ही कर रहे हैं। यदि ट्रंप यह सोच रहे हैं कि एच-1बी वीजा धारकों की फीस एक हजार डालर से एक लाख डालर सालाना करने से भारतीय और अमेरिकी कंपनियां अमेरिका के युवाओं को नौकरी देने के लिए बाध्य हो जाएंगी तो यह उनकी भूल है, क्योंकि इन कंपनियों को जैसे और जितने सक्षम युवा पेशेवर चाहिए, वे अमेरिका में हैं ही नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति यह भी भूल रहे हैं कि अमेरिका के आर्थिक विकास में अप्रवासियों विशेषतः भारतीय प्रतिभाओं का सर्वाधिक योगदान है और यह केवल पेशेवर लोगों का ही नहीं, बल्कि कामगारों का भी है।

भले ही ट्रंप प्रशासन का यह आदेश उनकी ह्लअमेरिका फर्स्टह्व नीति की अगली कड़ी है। उनका तर्क है कि विदेशी पेशेवर सस्ते श्रम के रूप में अमेरिकी नागरिकों की नौकरियां छीन रहे हैं। शुल्क इतना अधिक करके वे चाहते हैं कि केवल वही विदेशी पेशेवर अमेरिका आएं, जो न केवल उच्च योग्यता रखते हों बल्कि भारी शुल्क अदा करने की क्षमता भी रखते हों। लेकिन यह कदम अमेरिका के लिये ही आर्थिक दृष्टि से आत्मघाती साबित हो सकता है, क्योंकि अमेरिकी कंपनियों को उच्च कौशल वाले पेशेवरों की भारी जरूरत है और भारतीय आईटी पेशेवरों की कमी वहां सीधे तौर पर नवाचार और प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करेगी। ट्रंप के फैसले को आपदा नहीं, बल्कि अवसर के रूप में देखना चाहिए। पहले भारतीय प्रतिभा अमेरिका की ओर बहती थी, अब यह प्रवाह कनाडा, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर की ओर मुड़ सकता है। छात्र और युवा पेशेवर पहले से ही अमेरिकी वीजा नीतियों को लेकर असमंजस में रहते थे। अब यह आदेश उनके आत्मविश्वास और योजनाओं को और झकझोर देगा। हालांकि एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि कई युवा भारत में ही स्टार्टअप्स, शोध और नई तकनीक के क्षेत्रों में काम करने की ओर आकर्षित होंगे। भारत पर इस नीति का असर केवल युवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापक सामाजिक-आर्थिक असर डाल सकता है। भारतीय आईटी कंपनियां जैसे इन्फोसिस, टीसीएस, विप्रो आदि अमेरिका में बड़े पैमाने पर कार्यरत हैं। एच1बी वीजा पर निर्भरता ज्यादा होने के कारण उनका खर्च बढ़ेगा और प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी। भारतीय पेशेवर हर साल अरबों डॉलर भारत भेजते हैं, वीजा बाधाओं से यह प्रवाह घटेगा। हजारों भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा लेकर वहीं काम करने का सपना देखते हैं। अब शुल्क की बाधा उनके लिए अमेरिका को कम आकर्षक बनाएगी। साथ ही भारत में ही वैश्विक स्तर के शोध और नवाचार केंद्र विकसित करने की संभावना भी बढ़ेगी। अमेरिका और भारत के संबंध बीते दो दशकों में आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी सहयोग की नई ऊँचाइयों पर पहुंचे हैं। अमेरिका ने भारत को रणनीतिक साझेदार माना है। रक्षा, व्यापार और तकनीक में गहरे संबंध बने हैं और भारतीय प्रवासी अमेरिकी राजनीति और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन ट्रंप के निर्णय से यह संदेश गया है कि अमेरिका भारत को साझेदार तो मानता है, लेकिन जब घरेलू राजनीति का दबाव आता है तो साझेदारी पीछे छूट जाती है। भारत-अमेरिका संबंधों का आधार लोगों से लोगों का संपर्क रहा है। यदि भारतीय पेशेवर अमेरिका में कम होते हैं तो यह आधार कमजोर होगा। इन जटिल से जटिलतर होती स्थितियों में भारतीय कंपनियों को देश में ही अपना कारोबार बढ़ाने के जतन करने चाहिए, क्योंकि आने वाले समय में ट्रंप कुछ और ऐसे कदम भारतीय हितों को आहत करने वाले उठा सकते हैं। उन्होंने भले ही टैरिफ के मामले में लचीला रवैया अपनाते हुए भारत से शीघ्र व्यापार समझौता होने की संभावना जताई हो, लेकिन वे अब भी भारतीय हितों के विपरीत काम करते दिख रहे हैं। वे केवल यही दबाव नहीं बना रहे कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करे, बल्कि उन्होंने ईरान के चाबहार बंदरगाह में भारत के लिए मुसीबत खड़ी करने का काम किया है। ट्रंप अपने फैसलों को इस रूप में रेखांकित कर रहे हैं कि उनसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पंख लग जाएंगे, लेकिन आठ माह का उनका कार्यकाल उनकी नाकामी ही बयान कर रहा है। चौंकाने वाले फैसले लेना भले ही ट्रंप की आदत हो, लेकिन सेवा क्षेत्र में पहली बार अपनी संरक्षणवादी नीति के दर्शन करा, वह भूल रहे हैं कि अमेरिका को बनाने में अप्रवासियों की बड़ी भूमिका रही है। सिलिकॉन वैली के करीब एक-तिहाई टेक-कर्मचारी भारतीय मूल के हैं। फॉर्च्यून 500 की लगभग डेढ़ दर्जन कंपनियों में शीर्ष पर भारतीय बैठे हैं, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था के इंजन भी हैं। 2024 में 72 यूनिकॉर्न स्टार्टअप भारतीय मूल के लोगों के थे, जिनका कुल मूल्य करीब 195 अरब डॉलर आंका गया था। इन कंपनियों में अमेरिकी भी काम करते हैं। अमेरिकी आबादी में बमुश्किल डेढ़ फीसदी होने के बावजूद भारतीय पांच से छह फीसदी कर अदा करते हैं। नैसकॉम का यह कहना उचित ही है कि एच-1बी वीजा जैसे फैसलों का नकारात्मक असर अमेरिका में नवाचार के माहौल और रोजगार आधारित अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। दुनिया के अन्य देशों की नीतियों से तुलना की जाए तो कनाडा प्रवासी पेशेवरों और छात्रों को आकर्षित करने के लिए वीजा और स्थायी निवास की नीतियों को सरल बना रहा है। जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया तकनीकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए रेड कार्पेट बिछा रहे हैं, जबकि अमेरिका उल्टा रास्ता चुन रहा है जो दीर्घकाल में उसे वैश्विक प्रतिभा की कमी की ओर धकेल सकता है। भारत के लिए यह अवसर है कि वह प्रतिभाओं के पलायन को रोकने के लिए अपनी नीतियों और बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाए। शिक्षा, शोध और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देकर भारत अमेरिका के विकल्प के रूप में उभर सकता है। अमेरिका के लिए यह कदम उसके उस आदर्श को धूमिल करेगा जिसके अनुसार वह इमिग्रेशन की भूमि कहलाता है और उसकी वैश्विक नेतृत्व क्षमता को कमजोर करेगा। रवींद्रनाथ टैगोर की ये पंक्तियाँ यहां सार्थक लगती हैं-स्वतंत्रता वह है, जहां ज्ञान निर्भय होता है और दुनिया सीमाओं से विभाजित नहीं होती। अमेरिका की यह दीवार प्रतिभा की उड़ान को थाम नहीं पाएगी।



# धनुष यज्ञ से गूंज उठा रामलीला मैदान, भक्ति रस में डूबे दर्शक

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड सोमवार को श्रद्धा और संस्कृति के रंगों से सराबोर नजर आया। श्रीरामलीला महोत्सव के सातवें दिन का दृश्य इतना अद्भुत था कि हजारों की भीड़ देर रात तक पंडाल में डटी रही और भक्ति रस की धारा में गोते लगाती रही।

सुबह 9 बजे रासलीला और श्रीकृष्ण की निकुंज लीलाओं से दिन का शुभारंभ हुआ। मंच पर जब नटखट कृष्ण की बाल लीलाओं और उनकी प्रेममयी लीलाओं का जीवंत चित्रण हुआ तो पूरा पंडाल तालियों की गूंज से गूंज उठा। बच्चों की मासूम खिलखिलाहट और बुजुर्गों की भक्ति-नम आंखों ने इस आयोजन को और भी दिव्य बना दिया।

शाम ढलते ही ग्राउंड रंगीन रोशनियों से जगमगा उठा। भक्ति संगीत की धुनों ने वातावरण को और भी मनमोहक बना दिया। रात 8:30 बजे वृंदावन से पधारे कलाकारों ने मंच संभाला और अपनी सजीव प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। धनुष यज्ञ, रावणझ्रवाणासुर संवाद, धनुष भजन और जयमाल जैसे प्रसंग जब मंच पर साकार हुए तो हर कोई मंत्रमुग्ध रह गया। तालियों, शंखध्वनि और ऱजय श्रीरामऱ के नारों से पंडाल गूंज उठा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हरीश चंद्र अग्रवाल, प्रवेश कुमार अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल और भारत भूषण अग्रवाल उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने उन्हें पुष्पगुच्छ, शॉल और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। सातवें दिन की प्रस्तुतियों ने न केवल दर्शकों को भक्ति रस से सराबोर किया बल्कि आने वाले दिनों की झलक के प्रति उनकी उत्सुकता भी बढ़ा दी। रामलीला महोत्सव की यह आध्यात्मिक और सांस्कृतिक यात्रा हर किसी के लिए अविस्मरणीय स्मृति बनती जा रही है। इस मौके पर अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, सह अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सुभाष चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार, ईश्वर सरन अग्रवाल, विनोद कुमार गुप्ता ठेकेदार, वेद प्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, निर्भय कुमार गर्ग, कमलेश कुमार अग्रवाल (एड.), डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, राम प्रताप सर्राफ, अनिल कुमार चौरसिया , राजीव सरन गर्ग, विनीत कुमार अग्रवाल, शान्ति शरण राठौड़, हरिओम गुप्ता, मनोज कुमार अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, रविन्द्र कुमार मिश्रा, संजय अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून को राष्ट्रीय हिन्दू जागृति संघ ने शहर कि सफाई व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौपा



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** राष्ट्रीय हिन्दू जागृति संघ के पदाधिकारियों ने वार्डो मे सफाई कि समस्याओ को लेकर अपनी मांग रखी, वार्ड न. 7, वार्ड न. 12, वार्ड न. 2 से सफाई से सम्बंधित शिकायतों को नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने सुना, उन्होंने तत्काल सम्बंधित सफाई इंस्पेक्टर को बोलाया और सफाई कि समस्या को तत्काल हल कराने के निर्देश दिये, ज्ञापन मे मांग कि गयी कि वार्डो मे सही से झाड़ू नहीं लग रही है नालिया साफ नहीं हो रही है कुड़ा नहीं उठ रहा है घरों से, वार्डो मे पाइपलाइन लिकेज हो जाती है, सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून को राष्ट्रीय हिन्दू जागृति संघ ज्ञापन सौपा, पत्र मे मोहल्ले की सफाई, नालियों की स्थिति और कचरा प्रबंधन की समस्याओं का स्पष्ट रूप से उल्लेख है पत्र में संक्रमण फैलने के जोखिम और बीमारियों की आशंका को भी बताया, साथ ही तुरंत कार्रवाई की मांग करी, इस मौके पर मुख्य सफाई खाध निरीक्षक दिलशाद हुसैन, सफाई खाध निरीक्षक अविनाश कुमार, सफाई खाध निरीक्षक द्वारका नाथ, कंचन सक्सेना, रेनू सक्सेना, गीता अरोड़ा, संगीता अग्रवाल, विशाल गुप्ता, वेद आहूजा, सुमित अरोड़ा, जया गुप्ता, खुशी वर्मा आदि मौजूद रहे.

# वीर खालसा सेवा समिति चार दिनों से पंजाब मे आई बाढ के प्रभावित इलाकों में जाकर जरूरतमंद की मदद कर रही है



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** पंजाब में आई बाढ़ इलाकों में वीर खालसा सेवा समिति के सदस्य पिछले चार दिनों से बाढ़ प्रभावित इलाकों में जाकर जरूरतमंद की मदद के लिए सामग्री कंबल रजाई गेहूं आदि वितरण कर रही है समिति के अध्यक्ष रफ्तार सिंह ने कहा पंजाब के अंदर बाढ़ से हालात बहुत ही बेकाबू हुए हैं किसानों का बहुत ही बड़ा नुकसान हुआ है बड़ी-बड़ी संस्थाएं लोगों को मदद बचाने में अपना कार्य कर रही हैं बहुत ही लोग हर धर्म के लोग पंजाब में सहायता सामग्री भेज रहे हैं हमारी पूरी टीम भी जगह-जगह पीड़ित परिवारों के बीच जाकर मदद कर रही है उनकी परेशानी को सुन रही है और उनके दुख में शामिल होकर उनका दुख कम करने की कोशिश कर रही है लेकिन हमने चार-पांच दिनों के अंदर देखा हमें कहीं भी कोई भी किसी पार्टी का लीडर वहां पर सेवा करते हुए नहीं मिला हम सभी से अपील करते हैं निस सेवा से हम सब पंजाब के लिए खड़े हो उनके साथ दें उनकी मदद करें कि पंजाब हर धर्म के साथ मजबूती के साथ खड़ा होता है आज हमारा भी फर्ज बनता है कि हम भी वहां जो नुकसान हुआ है उसमें सहयोग करें और प्रदेशों में भी जहां हालात से नुकसान हुआ है हम सब का फर्ज बनता है कि वहां भी जाकर सहयोग करें इस मौके पर समिति के साथ सेवा सिंह सुरजीत सिंह मनजीत सिंह ? करण दीप सिंह एडवोकेट अमनदीप सिंह नारायण सिंह मनदीप सिंह इंद्रजीत सिंह ? विक्की मनिंदर सिंह जोगा सिंह भाग सिंह दिलप्रीत सिंह मोनू सिंह इंद्रजीत सिंह हरप्रीत सिंह सतेंद्र सिंह बलजिंदर सिंह गुरसेवक सिंह सभी सदस्यों के द्वारा सराहनीय सेवा में सहयोग किया गया।

# मिशन शक्ति फेज 5 के तहत थाना सरसावा में मिशन शक्ति का हुआ उद्घाटन






वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी

**सरसावा।** सरसावा थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा मिशन शक्ति से नारी सुरक्षा सम्मान और सवालम्बन को मिलेगा बढ़ावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एंटी रोमियो के फेज 5 को शुरू किया गया है. इसमें हर जिले के प्रत्येक थाने में मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं. इन केंद्रों का मकसद महिलाओं को सुरक्षित माहौल देना और उनकी शिकायतों का निवारण करना है। थाना सरसावा में मिशन शक्ति फेज 5 कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसमे नारी सुरक्षा सम्मान और अधिकार को लेकर छात्राओं व महिलाओ को जागरूक किया ओर कहा नारी को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए और अगर नारी के साथ कोई अत्याचार होता है तो तुरंत महिला हेल्पलाइन को सूचित करें।

# चौकीदार को अज्ञात बदमाशों ने मारी गोली चौकीदार हुआ घायल

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर नहटौर।** निमार्णाधीन पानी की टंकी पर चौकीदारी कर रहे चौकीदार को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। गोली की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रैफर कर आवाज व घायल के शोर की आवाज सुनकर ग्रामीणों घटना स्थल की ओर दौड़े लेकिन तब तक बदमाशकी वहा से फरार हो गया था। मामले की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। चौकीदार के गोली लगने की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची

दिया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार पुलिस ने घायल को तुरंत सीएचसी क्षेत्र के ग्राम नरगदी गंधु में बन रही नहटौर में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों पानी की टंकी पर विकास पुत्र धनसिंह ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए घायल (48 वर्ष) चौकीदारी करता है। बताया को जिला अस्पताल रैफर कर दिया। बन जाता है कि बीती रात करीब 9 बजे रही टंकी की रखवाली कर रहे चौकीदार जब वह टंकी पर चौकीदारी कर रहा के गोली लगने से गांव व परिजनों में था। उसी दौरान वहां आये अचानक हड़कंप मच हुआ है। मामले को लेकर अज्ञात बदमाशों ने उसे गोली मार दी। गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस ने गोली उसके पैर में लगी। जिसे वह मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली की है

# प्रभारी निरीक्षक थाना बेलहरकला द्वारा थाने के अधि0/कर्मचारियों के साथ की गयी गोष्ठी

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना बेलहरकला अनिल कुमार थाना बेलहरकला पर थाने के अधि0/कर्मचारियों के साथ गोष्ठी की गयी । थाना स्थानीय पर नियुक्त अधि0/कर्मचारीगण की मीटिंग करके शासन एवं प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान (मिशन शक्ति अभियान फेज-5, एंटी रोमियो अभियान, विवेचना निस्तारण अभियान, ऑपरेशन तिगड़ी / ऑपरेशन पटाखा, ऑपरेशन क्लीन -2) के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी एवं पशु तस्करो के खिलाफ सख़्त रुख अपनाते हुए थाने के बॉर्डर वाले स्थानों पर सशस्त्र पिकेट लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों / वाहनों की सघन चेकिंग करने हेतु आदेशित / निर्देशित किया गया । मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर महिलाओ / बच्चियों को सशक्त करने हेतु मिशन शक्ति फेज - 5.0 के शुभारम्भ के दौरान दिए गए आदेशों निदेर्शों सें अवगत कराया गया तथा नव सृजित महिला सुरक्षा केंद्र के कुशल क्रियान्वयन हेतु नामित समस्त अधिकारी / कर्मचारी गण को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

# शिक्षा और खेल जीवन के अभिन्न अंग- जय चौबे

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** सोमवार को सरदार पटेल इंटर कॉलेज भदाह में माध्यमिक विद्यालयों की खलीलाबाद तहसील स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक सहित विद्यालयों के प्रधानाचार्य सहित शिक्षक मौजूद रहे। सरदार पटेल इंटर कॉलेज भदाह में माध्यमिक विद्यालयों की तहसील स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का सोमवार को शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने कहा कि शिक्षा और खेल जीवन के अभिन्न अंग हैं। शिक्षा से मानसिक, चारित्रिक, सामाजिक, नैतिक विकास होता है तो वहीं खेल से शारीरिक विकास के साथ बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है। विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री व एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा के प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने कहा कि विद्यार्थियों के सवार्गीण विकास के लिए खेल आवश्यक है। खेल से आपसी सहयोग, लक्ष्य की प्राप्ति का जूनून, सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। खेल को खेल की भावना से खेलें। इससे जीवन में आगे बढ़ने में मदद मिलती है। इस अवसर पर सरदार पटेल इंटर कॉलेज भदाह के प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

इस दौरान तहसील क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के खेल शिक्षक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शांति भंग करने की कोशिश नाकाम, पुलिस ने दिखाई सख्ती



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**बिजनौर।** स्योहारा थाना पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए छह उपद्रवी तत्वों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की ओर से जारी प्रेस नोट के मुताबिक रविवार की रात करीब 10:30 बजे थाना स्योहारा के मुख्य द्वार पर कुछ व्यक्तियों द्वारा उपद्रव किया जा रहा था। मौके पर तैनात उपनिरीक्षक प्रमोद शर्मा ने जब इनसे उपद्रव का कारण जानने का प्रयास किया तो अभियुक्तों ने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में थाना स्योहारा पर आरोपियों पर बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले की विवेचना की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक कुलवीर सिंह को सौंपी गई है। दर्ज मुकदमे में प्रदीप चौहान पुत्र रामकरण सिंह निवासी मौजा मोटा महादेव जनपद बिजनौर, अमित चौहान उर्फ बिल्लू चौहान पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी ग्राम खेडी थाना ककरौली जनपद मुजफ्फरनगर, नितिन चौहान पुत्र कामेन्द्र सिंह निवासी मौजमपुर जैतरा थाना धामपुर, शादान उर्फ भूरी पुत्र सलीम निवासी शेखान थाना स्योहारा, वकील अहमद पुत्र सलीम अहमद निवासी शेखान तथा अजीत पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी ग्राम दौलताबाद थाना स्योहारा को नामजद किया गया।

सोमवार को थाना स्योहारा पुलिस ने इन सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों को शांति व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से विधिक कार्रवाई करते हुए धामपुर के उपजिलाधिकारी न्यायालय के समक्ष पेश किया है। स्योहारा थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह का कहना है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# शिक्षा और खेल जीवन के अभिन्न अंग- जय चौबे

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** सोमवार को सरदार पटेल इंटर कॉलेज भदाह में माध्यमिक विद्यालयों की खलीलाबाद तहसील स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक सहित विद्यालयों के प्रधानाचार्य सहित शिक्षक मौजूद रहे। सरदार पटेल इंटर कॉलेज भदाह में माध्यमिक विद्यालयों की तहसील स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का सोमवार को शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने कहा कि शिक्षा और खेल जीवन के अभिन्न अंग हैं। शिक्षा से मानसिक, चारित्रिक, सामाजिक, नैतिक विकास होता है तो वहीं खेल से शारीरिक विकास के साथ बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है।

विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री व एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा के प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने कहा कि विद्यार्थियों के सवार्गीण विकास के लिए खेल आवश्यक है। खेल से आपसी सहयोग, लक्ष्य की प्राप्ति का जूनून, सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। खेल को खेल की भावना से खेलें। इससे जीवन में आगे बढ़ने में मदद मिलती है।

इस अवसर पर सरदार पटेल इंटर कॉलेज भदाह के प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान तहसील क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के खेल शिक्षक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# डिबाई पुलिस द्वारा 01 गुमशुदा बच्ची को 02 घण्टे के अन्दर परिजनो को तलाश कर परिजनों को सुपुर्द किया गया

**डिबाई/बुलंदशहर/**सोमवार को थाना डिबाई क्षेत्रान्तर्गत महादेव चौराहे पर एक 2 वर्ष की बच्ची रोती हुई मिली ।जो अपना नाम नही बता पा रही थी। उपरोक्त बच्ची को थाना डिबाई लाया गया था। इस सूचना पर थाना डिबाई पुलिस द्वारा अथक परिश्रम करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व मे बच्ची के परिजनो को तलाश कर बच्ची को 02 घण्टे के अन्दर परिजनो को सकुशल सुपुर्द किया गया । गुमशुदा बच्ची को उसके परिजनों को सुपुर्द करने पर परिजनों व जनता के लोगो द्वारा थाना डिबाई पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा गयी है। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रविरतन सिंह उ0नि0 रिचा वर्मा म0का0 दीप्ति, म0का0 करिश्मा आदि शामिल रहे।

# एमडी ने विभाग में व्याप्त गड़बड़ियों को सुधारने के लिए निचले स्तर के अधिकारियों तथा कर्मचारी की बराबर नकल भी कसे

वेलकम इंडिया



**वाराणसी मिजार्मुराद।** इन दिनों वाराणसी के शहर देहात ही नहीं बल्कि पूर्वांचल के कई जिलों में फर्जी विद्युत बिल की समस्या को लेकर स्थिति बेहद खराब बनी हुई है। शिकायत दर शिकायत के बाद बिजली बिल संशोधन करने के नाम पर अधिकारियों की सह पर बाबू लोग धन उगाही करने में मशगूल हैं। वैसे चाहे जो कुछ भी हो पर बिजली विभाग के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार बिजली विभाग के हर कर्मियों को दूर करने के लिए हमेशा सख्त कदम उठाते रहते है। एमडी ने विभाग में व्याप्त गड़बड़ियों को सुधारने के लिए निचले स्तर के अधिकारियों तथा कर्मचारी की बराबर नकल भी कसे हैं। एमडी के सख्त तेवर की वजह से बिजली व्यवस्था में बेहतर सुधार भी आ रहा है इसके बावजूद भी निचले स्तर के अधिकारी व बाबू अपने मनमानियो से बाज नहीं आ रहे हैं। इसी मामले में पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक के नेतृत्व में दर्जनों पत्रकार सोमवार को पूर्वाह्न एमडी कार्यालय में पहुंचकर प्रबंध निदेशक शंभू कुमार की गैर मौजूदगी में विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता प्रशासन अरविंद नायक एवं मुख्य अभियंता टेक्निकल राजेंद्र कुमार को पत्रक सौंप कर फर्जी बिल भेजने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग किया है। मुख्य अभियंताओं ने बताया कि मामले में शीघ्र जांच करा कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बताते चले कि वाराणसी शहर के सारनाथ स्थित बरईपुर गांव निवासी एवं पत्रकार प्रेस क्लब के वाराणसी जिलाध्यक्ष पवन पांडे अपनी मां सुशीला के नाम से अपने सिद्धार्थ होटल के लिए विद्युत कनेक्शन लिया है। आरोप है कि पूर्व में 40 से 50 हजार रुपए का बिल आता था। इसके बाद एक अप्रैल से एक मई तक 1,53,273 रुपया का बिल भेज दिया गया। शिकायत के बावजूद भी बिल में संशोधन नहीं हुआ, जिसके नाते पूरा पैसा विभाग में जमा करना पड़ा। इसके बाद मीटर खराब हो गया, जिसकी शिकायत मेरे द्वारा विभाग से की गई। शिकायत के बाद जो मुझे पुनः बिल भेजा गया वह 20.29.578 रुपये का था। पुनः इसकी शिकायत मेरे द्वारा तत्काल विभाग के जिम्मेदार लोगों से किया गया। शिकायत के बाद विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जांच पड़ताल के बाद पुनः 3.22.855 रुपए का संशोधन गलत बिल मुझे भेजा गया। आरोप है कि इस मामले में जब मैं शिकायत किया तो बाबू बिल कम करने के लिए मोटी रकम की मांग करने लगा। मोटी रकम न देने पर धमकी भी दिए की शिकायत कही भी कर लीजिए मैं जो चाहूंगा वही होगा। इसी तरीके से बरनी विद्युत उपकेंद्र से जुड़ा हुआ एक मामला खरगूपुर निवासी पत्रकार प्रेस क्लब के जिला सचिव जितेंद्र अग्रहरि का है,

जिन्होंने वर्ष 2018 में बुनकारी के लिए विद्युत कनेक्शन लिया था, कोरोना काल में उनकी बुनकरी बंद हो गई, कनेक्शन विच्छेद करने के लिए उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को मौखिक तथा लिखित शिकायत किया, फिर भी कनेक्शन नहीं काटा गया और गलत तरीके से 84 हजार रुपए का बिल भेज दिया गया। एमडी कार्यालय में पहुंचकर मुख्य अभियंताओं से मिलने वालों में प्रमुख रूप से पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक, पंकज चतुर्वेदी, आफताब आलम, डीपी त्रिपाठी, पवन पांडे, नीतीश वर्मा, घनश्याम सिंह यादव, कृष्णा पाठक, नवीन प्रधान, रामबाबू यादव, ऋषिकेश पांडे, जितेंद्र अग्रहरि, विवेक कुमार यादव, अजीत सिंह राजपूत, तनवीर अहमद, शशांक सिंह, कुलदीप सिंह, अनीश मिश्रा, अरुण मिश्रा, सुधीर उपाध्याय, विपिन पांडे, अरविंद प्रकाश गौतम, दीपक बारी, राहुल यादव, अभिनव पांडे, ऋषिकांत प्रजापति, राजेश सिंह, अमित कुमार, दिलीप प्रजापति सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास से मनाई महाराज अग्रसेन जयंती



वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर परिवार द्वारा वैश्य शिरोमणि महाराजा अग्रसेन जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया। अग्र बंधुओ महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण किया व सभी अग्र बंधुओ ने एक दूसरे को महाराजा अग्रसेन जयंती व शारदीय नवरात्रों की बधाई दी। जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने महाराजा अग्रसेन जी के जीवन काल पर प्रकाश डाला तथा उनके बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट की अध्यक्षता एवं प्रधान जिला महामंत्री तुषार अग्रवाल के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, संतोष गुप्ता, चित्रांश अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल, अनमोल गुप्ता, आयुष बंसल आदि रहे।

# पहासू थाने में महिलाओं की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति केंद्र का हुआ शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**पहासू/बुलंदशहर/** सोमवार को महिलाओ की सम्मान, स्वाबलंबन एवं सशक्तिकरण के लिए पहासू थाने में मिशन शक्ति केंद्र का शुभारंभ हुआ। विधायक अनिल शर्मा की धर्मपत्नी मूर्ति शर्मा तथा ब्लाक प्रमुख दिवा रानी ने फीता काटकर पहासू थाने में बने शक्ति केंद का शुभारंभ किया। इस मौके पर महिलाओं और छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी गई। मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी उपनिरीक्षक पूनम चौधरी ने बताया कि किसी भी विषम परिस्थिति में महिला हेल्प लाइन 1090 पर काल कर तुरंत पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह ईओ नीतू सिंह रुपाली सूर्यवंशी चरनजीत कौर, शशि देवी बीके नीरू दीदी कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# हैडलाइन दिल्ली के प्रसिद्ध कालका देवी मंदिर से हर्ष उल्लास के साथ जोत लाते भक्त

वेलकम इंडिया



**कपिल कुमार (गौतमबुद्ध नगर)।** रामायण के अनुसार, जब राम और रावण के बीच युद्ध प्रारम्भ हुआ, तब भगवान श्रीराम ने देवी दुर्गा की उपासना की। विजय प्राप्ति हेतु उन्होंने अश्विन शुक्ल पक्ष की नवरात्रि में देवी की आराधना की और उन्हें 108 नीलकमल अर्पित किए। कथा के अनुसार, जब एक कमल कम पड़ गया तो भगवान राम ने अपने नेत्र (कौमुदिनी लोचन) को अर्पित करने का संकल्प लिया। इस भक्ति और समर्पण से प्रसन्न होकर माता दुर्गा प्रकट हुईं और उन्होंने राम को विजय का आशीर्वाद दिया। नवरात्र भारत के विभिन्न भागों में अलग ढंग से मनाया जाता है। गुजरात में इस त्योहार को बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। गुजरात में नवरात्र समारोह डांडिया और गरबा खेल कर मनाया जाता है। उसी संदर्भ में उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद व गौतमबुद्ध नगर में भक्त कालका मंदिर दिल्ली से ज्योती बड़े हर्ष उल्लास के साथ लाते है और अपने घर पर मंदिर बनाकर उसमें ज्योति प्रज्युलित करते है। नवरात्री नौ दिनों तक मनाया जाता है जिसमें नौ देवियों शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है।

# उदयपुर फाइल्स फिल्म के निमार्ता और निर्देशक है अमित जानी



वेलकम इंडिया

फिल्म निमार्ता अमित जानी ने एक संगठन बनाया है जिसका नाम है हिंदू एक्शन फोर्स आपको बताना चाहूंगा इस संगठन का मूल उद्देश्य हिंदुओं को संगठित करना है वहीं गाजियाबाद के हिंदी भवन में हुए कार्यक्रम में पहुंचे अमित जानी ने लोगों और उनके समर्थकों का स्वागत किया और आभार प्रकट किया फिल्म निर्देशक अमित जानी ने संबोधित करते हुए बताया कि इस देश में हिंदुओं के हित में बोलने वाला कोई नहीं है और यदि कोई ऐसा करता भी है तो उसके विरोध में तमाम नेता प्रतिपक्ष सड़क पर उतर आते हैं वहीं अमित जानी का कहना है कि मैने जब उदयपुर फाइल्स फिल्म को बताया तो किस तरह मेरी आवाज को दबाया जा रहा था काफी मुश्किलों के बाद मुझे कोर्ट के जरिए फिल्म रिलीज करने का अवसर मिला अमित जानी ने कहा कि हिंदू एक्शन फोर्स का गठन मैंने इसी उद्देश्य से किया है ताकि सभी लोग संगठित रहें साथ ही इस संगठन के जरिए हिंदुओं की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का काम इस संगठन द्वारा किया जाएगा हिंदू एक्शन फोर्स के गठन के प्रथम सम्मेलन पर कई हिंदू संगठनों और एनजीओ ने भी हिंदू एक्शन फोर्स का समर्थन किया है वहीं इस मौके पर नव युवा शक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण त्यागी ने भी हिंदू एक्शन फोर्स का समर्थन किया! कई प्रदेशों और उत्तर प्रदेश के कई जिलों के लोग इस सम्मेलन में पहुंचे जहां हिंदू एक्शन फोर्स की तरफ से उनका आभार व्यक्त किया गया साथ ही प्रथम सम्मेलन होने की वजह से सभी को फॉर्म के माध्यम से सदस्यता भी दिलाई गई! वहीं हिंदू एक्शन फोर्स के संस्थापक अमित जानी ने मंच से बताया कि बहुत जल्द सभी जिलों के और प्रदेशों के प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष का नाम भी घोषित किया जाएगा उन्होंने बताया कि इस कमेटी का गठन हिंदुओं की के हितों की सुरक्षा और उनकी आवाज को बुलंद करना है हिंदू एक्शन फोर्स सनातन का पर्चा लहराएगा और अब किसी भी हिंदू को न्याय से दबाया नहीं जाएगा इसके लिए हिंदू एक्शन फोर्स का गठन किया गया है।

# चतुर्थ स्वर्गीय रामाज्ञा सिंह स्मृति जिला कैरम प्रतियोगिता का तीसरा दिन

(संतोष कुमार सिंह)




**वाराणसी :-** ईंगलिसियालाइन स्थित श्रीमती चंद्रा त्रिपाठी स्मृति क्रीडा कक्ष में चल रही चतुर्थ स्वर्गीय रामाज्ञा सिंह स्मारक जिला कैरम प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज के खेल में लीग का पहला मैच खेलते हुए उदीयमान युवा खिलाडी शिवदयाल यादव ने सीनियर खिलाड़ी और पूर्व चैंपियन रहे अभिषेक विश्वकर्मा को सीधे दो सेटों में 23 =14 और 25=8 से पराजित करके जहां पूर्ण अंक हासिल करने में सफल रहे तो वही आज अपना दूसरा लीग मैच खेलते हुए पूर्व जिला चैम्पियन अश्वनी चक्रवाल ने सीनियर और अनुभवी खिलाड़ी विनोद यादव को भी सीधे दो सेटों में 25=14 और 25=12 से पराजित करके लीग तालिका में चार अंकों के साथ अपनी बढ़त बनाए रखने में सफल रहे। मैचों का कुशल संचालन प्रधान निर्णायक इंटरनेशनल रेफरी रमेश कुमार वर्मा की देखरेख में अश्वनी मौर्या, नूरैन खान, प्रियांशु यादव और श्री प्रसाद सोनी ने किया।

# राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती मनेगी धूमधाम से

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में राज्य स्थापना दिवस ₹रजत जयंती₹ (25वीं वर्षगांठ) को भव्य रूप से मनाने हेतु बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार किए जाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि नौ नवम्बर 2025 को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर एक सप्ताह तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें जिला मुख्यालय के साथ-साथ सभी ब्लॉक व तहसील स्तर पर भी विभिन्न जन उन्मुख गतिविधियाँ आयोजित होंगी। सीडीओ आरसी तिवारी ने समस्त विभागों को उनके कार्यदायित्वों से अवगत कराया। विशेष रूप से पर्यटन, शिक्षा, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्यान, आजीविका, क्रीड़ा विभाग एवं अन्य विभाग अपनी-अपनी योजनाओं को जनसामान्य तक पहुँचाने के लिए शिविर एवं मेले आयोजित करने को निर्देशित किया। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने निर्देशित किया कि ₹आजीविका मेला₹, रोजगारपरक योजनाएँ, ₹नशा मुक्ति अभियान₹, खेलकूद प्रतियोगिताएँ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए, ताकि आमजन को अधिकतम लाभ मिल सके। बैठक में यह भी तय किया गया कि सभी विभागीय अधिकारी शनिवार तक अपने-अपने कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे, जिससे कार्यों की समयबद्ध मॉनिटरिंग हो सके। इस दौरान एडीएम एनएस नबियाल, एसडीएम ललित मोहन तिवारी, डीडीओ संगीता आर्या, परियोजना निर्देशक शिल्पी पंत एवं संबंधित विभागों के कायालर्ध्यक्ष उपस्थित रहे।

# सुधाकर महिला कालेज के द्वितीय दिवस का स्थापना दिवस सम्पन्न

(संतोष कुमार सिंह)




**वाराणसी :-** पाण्डेयपुर स्थित सुधाकर महिला शिक्षण संस्थान समूह में स्थापना दिवस का द्वितीय दिवस पर सुधाकर महिला इण्टरमीडिएट कालेज के छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिसमें सरस्वती वन्दना, दीप प्रज्वलन, संस्थापक व संस्थापिका का माल्यार्पण व अतिथियों का स्वागत किया गया इस अवसर पर चेयरमैन डॉ० प्रभु नारायण दूबे ने कहा कि सफलता की कुंजी अनुशासन है सुधाकर महिला पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ० अशोक कुमार पाण्डेय ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपकी शिक्षा और अनुशासन के असर से आपके संरक्षक और सुधाकर कालेज संस्था को गर्व होता है। निदेशक आशीर्वाद दूबे ने कहा कि संस्थापक ने नारी शिक्षा के लिए जो सपना देखा था वह आज महिला सशक्तिकरण के रूप में उभरकर सामने आया है तकनीकी निदेशक आयुष्मान दूबे ने कहा कि सुधाकर महिला संस्थान टॉप टेन कालेज में है। इस अवसर पर वाइस चेयरपर्सन डॉ० रमा दूबे, इण्टरमीडिएट कालेज के प्रधानाचार्या आशा पाण्डेय, डॉ.श्यामसुन्दर मिश्रा, डॉ. राजकुमार श्रीवास्तव, दर्शन पाण्डेय सुमित पाण्डेय, अनीता सिंह, सुजाता पाण्डेय, मणि पाण्डेय, प्रवीना यादव, अनिल कुमार पाण्डेय, अनिल कुमार उपाध्याय एवं समस्त शिक्षको ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान कियो मंच का संचालन मोनिका उपाध्याय, डॉ० सरोज सिंह व इण्टरमीडिएट कॉलेज की छात्रा अंशिका और अनुराधा ने किया।

# श्री अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज मैदागिन में जनपदीय योगासन प्रतियोगिता का सफल आयोजन

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी:-** श्री अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज मैदागिन में 22 सितम्बर सोमवार को जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस अवसर पर बालिका वर्ग से 11 एवं बालक वर्ग से 6 विद्यालयों ने भागीदारी की कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रियंका तिवारी (प्रधानाचार्या श्री हरिश्चंद्र बालिका इंटर कॉलेज, मैदागिन), गरिमा टकसाली (प्रबंधक, श्री अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज), पवन कुमार मित्तल (सहायक मंत्री, श्री अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज) एवं संगीता बनर्जी (प्रधानाचार्या श्री अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज) द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। जनपदीय प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दियो बालिका वर्ग में अंडर- 14 आर्टिस्टिक सिंगल में श्री अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज की दुर्गेश पाठक प्रथम रहीं, जबकि अंडर-17 आर्टिस्टिक सिंगल का खिताब दुर्गाचरण गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रियंशी मंडल ने जीता अंडर-14 ट्रेडिशनल सिंगल में सर्वेश्वरी इंटर कॉलेज की अनन्या सिंह विजेता बनीं, वहीं अंडर- 19 ट्रेडिशनल सिंगल में श्री अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज की शिवानी साहनी ने पहला स्थान हासिल किया। रिदमिक पेयर स्पर्धा में अंडर-14 वर्ग में दुर्गेश पाठक और रागिनी पांडे की जोड़ी, अंडर-17 वर्ग में अनन्या सिंह और कविता साहनी तथा अंडर-19 वर्ग में नंदिता भारद्वाज और शिवानी साहनी (श्री अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज) ने बाजी मारी बालक वर्ग में भी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कियो अंडर-14 ट्रेडिशनल सिंगल में बंगाली टोला इंटर कॉलेज के विवेक पांडे, अंडर-17 में इसी कॉलेज के आदित्य वर्धन शुक्ल तथा अंडर-19 वर्ग में नगर निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मच्छोदरी के आदित्य साहनी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का गौरव बढ़ायो विजेता प्रतिभागी अब प्रतियोगिता के अगले चरण में मंगलवार को होने वाली मंडलीय योगासन प्रतियोगिता में भागीदारी करेंगे निर्णायक मंडल में नैनसी गुप्ता, हर्ष राय, श्रेया चौरसिया एवं शिखा शर्मा शामिल रहे।

# मिशन शक्ति अभियान :ग्राम पंचायत कमालपुर में चौपाल का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया

नरसेना. महिलाओं की सुरक्षा तथा उन्हें आत्मरक्षा के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार प्रशासन के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिससे महिलाओं को आत्मरक्षा के गुण सिखाए जा सके। जिसके क्रम में पुलिस विभाग के द्वारा लगातार मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं तथा बालिकाओं को प्रशासन के द्वारा मुहैया कराए जाने वाली विभिन्न तरह की सहायता एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है जिसके क्रम में विकासखंड ऊंचागांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत कमालपुर में मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस विभाग के द्वारा चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान महिलाओं तथा बालिकाओं के साथ हो रहे अपराधों, जिनमें छेड़छाड़ एवं शोषण दुष्कर्म घरेलू हिंसा अपहरण जैसे अपराधों की रोकथाम व विद्यालय न जाने वाले बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने के संबंध में प्रेरित कर जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रभार उपनिरीक्षक सुभाष बाबू महिला उपनिरीक्षक हेमा सोलंकी के नेतृत्व में गाँव कमालपुर में मिशन शक्ति टीम द्वारा चौपाल लगाकर महिलाओं तथा बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना तथा मिशन शक्ति अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्हें अपने अधिकारों हेतु लड़ने के लिए जागरूक किया गया तथा सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे- यूपी आपातकालीन सेवा-112, विमेन पावर लाइन 1090 ,महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्डलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102,एंबुलेंस सेवा 108 इत्यादि से अवगत कराया गया तथा पीड़ित महिलाओं की सुविधाओं के दृष्टिगत बनाए गए वन स्टॉप सेंटर के बारे संदर्भ में जानकारी दी गई और साथ ही साथ साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी गई।




# थाना नरसेना में मिशन शक्ति केंद्र का फीता काटकर हुआ उद्घाटन



वेलकम इंडिया

नरसेना थाना नरसेना में मिशन शक्ति केंद्र का हुआ उद्घाटन मिशन शक्ति केंद्र का उद्घाटन तथा श्रीमती शारदा देवी ज्वाला प्रसाद अग्रवाल, कन्या डिग्री, कॉलेज, नसेर्ना की डायरेक्टर चेनु अग्रवाल ने किया कार्यक्रम में महिलाओं और छात्राओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। उन्हें महिला संबंधी अपराधों के खिलाफ टोल फ्री नंबर के बारे में भी बताया गया। महिलाएं और छात्राएं किसी भी मुसीबत में इस नंबर पर कॉल कर सकती हैं। इससे उनकी समस्या का तुरंत समाधान किया जाएगा कार्यक्रम में थानाप्रभारी नरसेना रितेश सिंह, महिला सब इंस्पेक्टर हेमा सोलंकी और सब इंस्पेक्टर सुभाष बाबू सब इंस्पेक्टर सक्षम ठाकुर सब इंस्पेक्टर उमेश कुमार तथा श्रीमती शारदा देवी ज्वाला प्रसाद अग्रवाल, कन्या डिग्री, कॉलेज, नसेर्ना की डायरेक्टर चेनु अग्रवाल गणेशगणेश स्मारक इंटर कॉलेज नसेर्ना की छात्राएं मौजूद रही

# भाजपा नेता श्याम जायसवाल पत्नी संग शारदीय नवरात्र में दुर्गा माता के मण्डपों में लगायेंगे हाजिरी



असदुल्लाह सिद्दीकी

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस से दसवीं दिन तक विधानसभा शोहरतगढ़ क्षेत्र सहित नगर पंचायत शोहरतगढ़. व नगर पंचायत बढ़नी में वरिष्ठ भाजपा नेता, समाजसेवी एवं गरीबों के मसीहा श्याम जायसवाल शोहरतगढ़ क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से पावन पर्व शारदीय नवरात्र एवं दशहरा पर अपनी पत्नी श्रीमती सावित्री जायसवाल संग दुर्गा माता के मण्डपों में हाजिरी लगायेंगे एवं पूजा अर्चना करेंगे। इस दौरान विधानसभा शोहरतगढ़ के सभी सम्मानित क्षेत्रवासियों को शारदीय नवरात्रि एवं दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# 25 सितंबर से शुरू होगा ड्रिमलैण्ड दशहरा महोत्सव मेला

असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के जिला कारागार के सामने बीएसए ग्राउण्ड मे ड्रिमलैण्ड दशहरा महोत्सव मेले की तैयारियां बडे ही जोरों शोरों से चल रहा है। मेला महोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम से करने की तैयारी किया जा रहा है। दर्शकों व बच्चों को मेले के मनोरंजन के लिए सभी वर्कर कड़ी मेहनत के साथ अपने अपने काम मे जुटे हुए है। मेले की तैयारियां एवं सजावट मे लगभग पचास से अधिक वर्कर लगें हुए है। मेला मनेजमेंट डायरेक्टर रईश खान ने बताया कि ड्रिमलैण्ड मेला महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। दो दिन बाद यानी 25 सितंबर को मेले का शुभारंभ निश्चित तौर पर कर दिया जायेगा। सिद्धार्थनगर मे पहली बार इस तरह के मेले का आयोजन किया जा रहा है इस मेले में अमेरिका, दुबई की ऊंची ऊंची इमारतें देखने को मिलेंगी इसके साथ साथ मनाली थीम, शिमला थीम, न्यूयार्क थीम, एफिल टॉवर भी लोगों के लिए आकर्षक का केंद्र रहेगा। ड्रिमलैण्ड मेला महोत्सव में जगह जगह सेल्फी पॉइंट भी बनाए जायेगें। जिससे मेला मे आये दर्शक जमकर सेल्फी पॉइंट का लुत्फ उठा सकेंगे। मेला मनेजमेंट डायरेक्टर रईश खान ने बताया कि सिद्धार्थनगर मे ड्रिमलैण्ड मेला महोत्सव का आयोजन पहली बार किया जा रहा है इसके साथ साथ ड्रिमलैण्ड मेला महोत्सव में बढ़ती महंगाई एंव आज की जरूरतों के हिसाब से शॉपिंग से लेकर घरेलू सामान सस्ता एंव टिकाऊ मिलेगा इसके साथ साथ झूलों की मस्ती, ब्रेक डांस भी इस मेला महोत्सव में कर सकेंगे और एयरोप्लेन गेट का भी भरपूर आनंद उठा सकते हैं। इसके साथ साथ मेला महोत्सव में लुधियाना की कॉटन साइट, खुर्जा की क्रॉकरी, फिरोजाबाद की चूड़ियाँ, जयपुर के कंगन, कानपुर और बनारस की साड़ियां, बॉम्बे की ज्वैलरी, गुजरात का किचिन सैट, लुधियाना की लेडीज कुर्ती, खाने पीने का भरपूर सामान सहित आसमानी झूला, नाव झूला, ब्रेक डांस सहित बच्चों के झूले एंव एयरोप्लेन गेट का आनंद ले सकेंगे। मेला कमेटी की टीम मे राकेश शुक्ला, मोनू नवाब, आशीष शाहू,, अनिल कुमार शामिल रहे।



# नित्यशाला में गरबा वर्कशॉप, लोगों ने सीखे परंपरा से जुड़े कदम



वेलकम इंडिया

**प्रयागराज।** नित्यशाला में एक शानदार गरबा वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस अवसर पर नित्यशाला की ऑर्गेनाइजर और कोरियोग्राफर नेहा नित्या के मार्गदर्शन में प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को गरबा की पारंपरिक विधियों, तालों और मुद्राओं का अभ्यास कराया। वर्कशॉप के दौरान सभी प्रतिभागियों ने नवरात्रि की पारंपरिक गरबा शैली को समझते हुए रंग-बिरंगी धुनों पर अभ्यास किया। आयोजन का उद्देश्य लोगों को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना और नवरात्रि के पावन पर्व पर गरबा की परंपरा को आगे बढ़ाना था। प्रतिभागियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह अनुभव उनके लिए यादगार रहा और वे आने वाले अवसरों पर गरबा को और भी बेहतर तरीके से प्रस्तुत करेंगे।

# झाँसी के खटिकयाना में सोमवार को काली जी के आगमन पर डॉ० संदीप ने किया भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** सोमवार को स्थानीय खटिकयाना क्षेत्र में काली जी के आगमन पर श्रद्धालुओं ने धार्मिक उल्लास के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ० संदीप सरावगी ने पुष्पवर्षा कर मां काली का अभिवादन किया। समिति की ओर से भक्तों की सुविधा के लिए चाय व बिस्किट का निःशुल्क वितरण किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर डॉ० सरावगी ने कहा कि समिति का उद्देश्य समाजसेवा के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। झाँसी के ऐतिहासिक खटिकयाना क्षेत्र में नवरात्र के अवसर पर विराजने वाली माँ काली श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहाँ की काली माता को क्षेत्रवासियों की आराध्य देवी माना जाता है। नवरात्र, महाअष्टमी व विशेष अवसरों पर यहाँ भव्य आयोजन होते हैं और दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। माँ काली के दर्शन मात्र से ही भक्तों को साहस, शक्ति व सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होने का विश्वास है। खटिकयाना की माँ काली की पूजा में सामाजिक सद्भाव और सेवा भावना का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। कार्यक्रम में पियूष रावत, सरदार वीर सिंह (पूर्व पार्षद), प्रदीप नगरिया (पूर्व पार्षद), दीनदयाल चौरसिया, अभिषेक साहू, कमलेश रायकवार, बंटी सोनी, सरिता सिंह, रश्मि हयारन, निशा चतुवेर्दी, चंदन खटीक, पप्पू खटीक, भाईयन गुप्ता, मुन्नालाल शर्मा, महेंद्र शर्मा, रामकुमार प्रजापति, सुशील कुमार गुप्ता, रविंद्र यादव, कुलदीप तिवारी, सागर, साकेत, सुनील कुमार (भोजला), पराग गुप्ता, राधा सोनी, भगवान देवी, सिद्धांत गुप्ता, सोनू कुशवाह, आशीष विश्वकर्मा, अनुज प्रताप सिंह, संदीप नामदेव, बसंत गुप्ता, सूरज वर्मा, राजू सेन, सुशांत गुप्ता, सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समिति के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बाढ़ पीड़ितों की मदद करने वाली समिति के युवाओं का सम्मान समारोह



वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी नगर पालिका परिषद सभागार में सोमवार को पंजाब बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री पहुंचाने वाली मुस्लिम गुर्जर युवा समिति के 15 सदस्यीय दल का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने कहा कि ऐसे युवाओं पर पूरे कस्बे को गर्व है, जिन्होंने मुश्किल घड़ी में पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद कर इंसानियत की सच्ची मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि यह कदम समाज में सहयोग और भाईचारे को बढ़ावा देने वाला है और युवाओं के हौसले को और मजबूत करता है। अध्यक्ष ने समिति के सभी सदस्यों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल भेंट कर उनका सम्मान किया और आगे भी इसी जज्बे से काम करने के लिए प्रेरित किया।गौरतलब है कि बीते दिनों पंजाब में हुई भारी बरसात के कारण आई भीषण बाढ़ से हजारों परिवार बेघर हो गए थे। ऐसे समय में कस्बे की मुस्लिम गुर्जर युवा समिति ने मानवीय पहल करते हुए पंजाब पहुंचकर पीड़ितों को डोर-टू-डोर राहत सामग्री वितरित की। समिति के सदस्यों ने अपने निजी संसाधनों और आपसी सहयोग से राहत कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई और कई दिनों तक प्रभावित क्षेत्रों में रहकर जरूरतमंदों को मदद पहुंचाई।


# कांधला में मीडिया क्लब की बैठक सम्पन्न, राजेश कुमार छठी बार बने अध्यक्ष



वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी कस्बे की टीचर कॉलोनी स्थित मीडिया क्लब कार्यालय पर पत्रकारों की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों पत्रकारों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से राजेश कुमार को मीडिया क्लब कांधला का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सभी पत्रकारों ने नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश कुमार का फूलमालाओं से स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।गौरतलब है कि राजेश कुमार कांधला में पूर्व में भी लगातार पाँच बार मीडिया क्लब के अध्यक्ष रह चुके हैं और इस बार छठी बार उन्हें अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने अपने अनुभव और संघर्ष की बदौलत पत्रकारों के बीच मजबूत स्थान बनाया है। अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि मीडिया क्लब की बागडोर संभालना मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों है। यह छठी बार है जब मुझे पत्रकार साथियों ने अपना अध्यक्ष चुना है। में हमेशा की तरह पत्रकारों के हित की लड़ाई लड़ता रहूंगा और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाऊंगा। प्रेस की आजादी और पत्रकारों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। मैं सभी पत्रकारों से अपील करता हूँ कि वह एकजुट होकर अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहें।इस दौरान बैठक में पत्रकार अख्तर कुरैशी, देवेंद्र कुमार, भीम सैनी, जितेंद्र चौहान उर्फ टिंकू, इस्तखार भाटी, फुरकान जंग, रहमान सुलेमानी, आरिफ जंग, यशु सैनी, नासिर अली, मुनव्वर हसन, आदिल राणा, अमन मित्तल, राजीव चौहान, शुभम मित्तल,नदीम अली, पुष्पेंद्र चौहान, सोनू जंग सहित मौजूद रहे।

# रोजगार मेले का आगाज, युवाओं को मिलेगा सुनहरा अवसर



वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए खण्ड विकास कार्यालय में दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी के निर्देश पर आयोजित इस मेले के पहले दिन पांच अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस दौरान जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि मेले के दूसरे दिन मंगलवार को खण्ड विकास कार्यालय प्रांगण में रोजगार मेला शिविर आयोजित होगा। इसमें एसआईएस कम्पनी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड पद के लिए भर्ती प्रक्रिया की जाएगी।उन्होंने बताया कि इस भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की आयु 19 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर और वजन 56 से 90 किलो होना आवश्यक है। शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल पास, फेल अथवा इंटरमीडिएट निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा एवं आधार कार्ड के साथ मेले में पहुंचे। चयनित अभ्यर्थियों को 350 रुपये शुल्क देना होगा। इस रोजगार मेले में जिले के किसी भी ब्लॉक के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

# डॉ . विजय पहारिया की मुख्य आतिथ्य में हुआ बुंदेलखंड टैलेंट हंट शो कार्यक्रम सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**झांसी!** वान्या एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती चारु तलवार द्वारा होटल श्रीनाथ पैलेस में बुंदेलखंड टैलेंट हंट शो के लिए ऑडिशन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका ग्रैंड फिनाले दीन दयाल सभागार में आयोजित किया जाना है, कार्यक्रम में प्रतिभागियोंद्वारा कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा कविता, गाना, डांस, एक्टिंग एवं मिमिक्री प्रस्तुत की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ विजय पहारिया ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया, कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने एवं युवक युवतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें बुंदेलखंड क्षेत्र के दूर-दूर से प्रतिभागी आए, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ विजय पहारिया ने कहा कि इस तरह की प्रोग्राम आयोजित करते रहना चाहिए क्योंकि इससे शहरों के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों के प्रतिभागियों को भी मौका मिलता है उन्हें एक बेहतरीन प्लेटफार्म मिलता है उनके छिपी हुई प्रतिभाएं और काबिलियत में निखार आता है और जो बच्चे चयनित होते हैं उनको आगे बढ़ने का मौका मिलता है युवाओं के जोश और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है, कार्यक्रम में बुंदेलखंड की प्रसिद्ध कवि विवेक बरसैंया एवं बाला डंग जी जज के रूप में उपस्थित रहे, श्रीमती शालिनी गुरुबख्शानी महिला व्यापार मंडल अध्यक्ष ,एवं अशोक गुरुबख्शानी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, कार्यक्रम के संयोजक आकाश नायक जी ने बताया कि ग्रैंड फिनाले में मुंबई के सेलिब्रिटी आने वाले है

, कार्यक्रम का संचालन बुंदेली स्पिरिट की संचालिका श्रीमती राविता खरे एवं कोरियोग्राफर अजहर खान ने आभार व्यक्त किया..

# शाहजहांपुर का ऐतिहासिक तालाब बना भ्रष्टाचार का गढ़

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** (जाकिर तुर्क) कस्बा शाहजहांपुर का ऐतिहासिक तालाब, जो कभी नगर की शान और पहचान हुआ करता था, आज बदहाली और भ्रष्टाचार की चपेट में है। कस्बे के बीचों-बीच स्थित यह तालाब अब जलकुंभी (समुन्द्र सोख) और गंदगी से इस कदर घिर चुका है कि इसकी असली तस्वीर पहचान पाना मुश्किल हो गया है। पिछले लगभग दो वर्षों में चेयरमैन के कार्यकाल के दौरान तालाब की सफाई चार बार हो चुकी बताई जाती है। लाखों रुपये खर्च कराए गए, ठेके जारी हुए, मजदूर लगाए गए, लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात। सफाई के कुछ दिनों बाद ही तालाब दोबारा जलकुंभी से पट जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सफाई दरअसल ठेकेदारी और कमाई का खेल बन चुकी है। तालाब के पास रहने वाले लोगों का कहना है कि सफाई महज औपचारिकता है।जलकुंभी हटाते हैं, फोटो खिंचवाते हैं, और फिर वही हालात लौट आते हैं। गंदगी व बदबू के कारण आस-पास रहना मुश्किल हो गया है। गंदा पानी मच्छरों और जहरीले कीड़ों का घर बन चुका है, जिससे लोग कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों तक की चपेट में आ रहे हैं। बच्चे-बुजुर्ग लगातार बीमार पड़ रहे हैं, एक स्थानीय निवासी ने आक्रोश जताते हुए कहा। शाहजहांपुर के बुजुर्ग बताते हैं कि यह तालाब कभी नगर की पहचान था। लेकिन लापरवाही और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर यह तालाब अब इतिहास के पन्नों में गुम होता जा रहा है। जल संरक्षण विशेषज्ञों का कहना है कि जलकुंभी को सिर्फ मजदूरों से हटाना कारगर नहीं है। इसे जड़ से खत्म करने के लिए वैज्ञानिक तकनीक, रासायनिक उपाय और लगातार निगरानी जरूरी है। उनका कहना है कि गंदे पानी में पनप रहे बैक्टीरिया और जहरीले तत्व गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा कर रहे हैं, जिससे कैंसर, त्वचा रोग और सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

अगर अब भी ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में यह तालाब सिर्फ नक्शों और कागजों तक सीमित रह जाएगा। लोगों का सीधा सवाल है झ जब बार-बार लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी तालाब की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आखिर यह पैसा जा कहां रहा है? क्या नगर पंचायत सिर्फ ठेकेदारों की जेब भरने के लिए इस खेल में शामिल है ?जनता की मांग है कि तालाब की वास्तविक सफाई कराकर इसे स्थायी रूप से जलकुंभी और गंदगी से मुक्त कराया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां इस धरोहर को पहचान सकें और बीमारियों के खतरे से भी बच सकें।

# मलकपुर में प्रधान प्रत्याशी जुनैद अली के आवास पर लगा निशुल्क मेडिकल कैंप

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी विकासखंड क्षेत्र के गांव मलकपुर में सोमवार को प्रधान प्रत्याशी जुनैद अली के आवास पर अजय संगल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च एंड आयुष्मान हॉस्पिटल के तत्वावधान में एक विशाल निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ प्रधान प्रत्याशी जुनैद अली ने फीता काटकर किया।कैंप में डॉक्टरों की टीम ने सैकड़ों ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें निशुल्क दवाइयाँ प्रदान कीं। जांच के दौरान गुर्दे की बीमारी, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गुर्दे की पथरी, मूत्र संक्रमण, शुगर, थायराइड, डेंगू बुखार, मलेरिया, चिकनगुनिया, माइग्रेन, टीबी, सांस फूलना, दमा सहित विभिन्न बीमारियों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श भी दिया गया।मेडिकल कैंप में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और इस पहल की सराहना की। इस दौरान

प्रधान प्रत्याशी जुनैद अली ने कहा, गांव के लोगों की सेहत और भलाई मेरी पहली प्राथमिकता है। पैसे के अभाव में कोई भी ग्रामीण इलाज से वंचित न रहे, इसी उद्देश्य से यह मेडिकल कैंप लगाया गया है। इस दौरान कैंप में धर्मवीर प्रजापत, बाबा मेहंदी हसन, शकील बीडीसी, साबिर, डॉक्टर फरमान अली, सहित आदि मौजूद रहे।

# चोरी के टेंट हाउस के समान सहित पंजाब निवासी चोर गिरफ्तार



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़ पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञान्जंय सिंह के निदेर्शा पर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना धौलाना पुलिस द्वारा चोरी की घटनाओं का सफल नावरण करते हुए एक शातिर चोर को ग्राम निधावली देहरा झाल कर पटरी रोड से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा जानकारी दी गई है कि पकड़ा गया चोर ग्राम कुरला किनरा थाना डिवीजन न0 सात जनपद जालंधर पंजाब का विकास खन्ना पुत्र रमेश खन्ना है जिसके कब्जे से 10 हजार रुपए नकद, दस हजार रुपये नकदी, बारह भगोने, पांच ढक्कन, एक टब, चार परात, सात भगोने, चार ढक्कन, एक टब, एक परात एल्यूमीनियम पांच भगोने, एक परात, दो ढक्कन, एक टब, चार मोबाइल फोन व 17 सिमकार्ड, एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया है गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का चोर व अपराधी है, जिसके विरूद्ध दिल्ली, गौतमबुद्धनगर व हापुड़ आदि राज्यों व जनपदों में चोरी के करीब 1 दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं वही धौलाना पुलिस द्वारा टेंट का सामान चोरी करने वाले चोर को गिरफ्तार की खबर प्रकाशित होने पर हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के रघुवीरगंज मे यूपी टेंट हाउस के मालिक ने उसकी पहचान कर बताया कि एक सप्ताह पूर्व यही गिरफ्तार चोर हमें अपनी बातों में उलझा कर करीब 2 लाख रुपए का टेंट का सामान भंडारा करवाने के बहाने यहां से ले गया था काफी तलाश करने के बावजूद भी यह टेंट का सामान वापस नहीं दे गया।

# अग्रसेन जयंती पर दीपदान एवं रंगोली कार्यक्रम में बच्चों की बनाई रंगोली से सजा अग्रसेन घाट

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर एस हेल्पिंग हैंड सोसाइटी द्वारा संचालित एस.एफ. स्ट्रीट स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रतिभा और उत्साह से सभी का दिल जीत लिया।

बच्चों ने श्री तिलक द्वार अग्रवाल धर्मशाला समिति द्वारा महाराजा अग्रसेन घाट, यमुना पार पर आयोजित दीपदान कार्यक्रम में भाग लेते हुए अपने हाथों से खूबसूरत रंगोलियाँ बनाई। दीयों की रोशनी और बच्चों की रंगोलियों से पूरा घाट एक दिव्य वातावरण में बदल गया।समिति द्वारा बच्चों की खूब सराहना की गई और उन्हें उपहार भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। इस सम्मान ने बच्चों में नए उत्साह और आत्मविश्वास का संचार किया। सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्य पियूष बंसल ने कहा हमारे बच्चे हमेशा से सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उनका उत्साह समाज के लिए प्रेरणा है। आज अग्रसेन जयंती पर उन्होंने अपनी कला से सभी को प्रभावित किया है। बच्चों ने भी अपनी भावनाएँ साझा करते हुए कहाह्लरंगोली बनाना हमारे लिए एक यादगार अनुभव रहा। लोगों की प्रशंसा पाकर हमें बहुत खुशी मिली। इस अवसर पर दिशा इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर शिखा बंसल ने रंगोली का महत्व बताते हुए कहा रंगोली न केवल सजावट का प्रतीक है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपराओं और एकता को भी दशार्ती है। महाराजा अग्रसेन जी को समाज सेवा, सहयोग और समानता का प्रतीक माना जाता है। उनकी जयंती पर हर वर्ष दीपदान, सेवा कार्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस बार बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। दीपदान एवं रंगोली कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और बच्चों की कला को सराहा। इस अवसर पर अंकिता शर्मा, राजन गुप्ता ,रजनी अग्रवाल, रंजना मित्तल, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, हरि ओम अग्रवाल, कंचन जी और सुनीता जी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों के लिए एक सीख था बल्कि समाज को भी यह संदेश देता है कि सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ाव और सामाजिक सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

# जीएसटी हटने की खुशी में अभिकताओं ने मिठाई बांट मनाई खुशी



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा हापुड़ व सीएलआईए ब्रांच हापुड़ के समस्त अभिकर्ता शाखाओं के बाहर एकत्रित हुए जीएसटी हटने की खुशी में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। इस दौरान सभी पॉलिसी धारकों, स्टाफ, एजेंटों को भी मिठाई बांटी गई। सोमवीर सिंह अध्यक्ष ने एलईएएफआई के नेताओं को जीएसटी हटाने की सफलता के लिए धन्यवाद दिया। संजय त्यागी महामंत्री व पंकज जैन ने प्रधानमंत्री मोदी व निर्मला सीतारमण वित मंत्री को धन्यवाद कहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में चेतन प्रकाश अग्रवाल, अजय कांत, सोमवीर सिंह, संजय त्यागी, पंकज जैन, पीतम सिंह, अशोक शर्मा, नीरज गुप्ता, नबाब सिंह, डीके शर्मा, राजकुमार तोमर , सुंदर कुमार , पूनम त्यागी, नवीन चंद, करतार सिंह, देवेंद्र आदि ने सहयोग रहा।

# चित्रकारों के सम्मान के साथ हुआ तीन दिवसीय पेंटिंग कार्यशाला का समापन



(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)

**वृंदावन।** छटीकरा रोड़ स्थित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आश्रम में रामायण रिसर्च काउंसिल के तत्वावधान में चल रही तीन दिवसीय पेंटिंग कार्यशाला बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुई।जिसके अंतर्गत तीन सदस्यीय जजेस कमेटी के प्रख्यात चित्रकार द्वारिका आनन्द, सुश्री उमा शर्मा एवं डॉ. उज्ज्वला शर्मा ने देश भर के 15 राज्यों से आए हुए 55 चित्रकारों की चित्रकला का अवलोकन किया। साथ ही भरत भाई (गुजरात) व महेश कुमार (दिल्ली) को प्रथम स्थान, चित्रकार रमेश व नरेन्द्र कुमार नेचर (बिहार) को द्वितीय स्थान, अमन यादव (हरियाणा) को तृतीय स्थान प्रदान किया।साथ ही देश के विभिन्न प्रांतों से आए समस्त चित्रकारों को पटुका ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक देवदत्त शर्मा ने कहा कि रामायण रिसर्च काउंसिल देश की एक ऐसी संस्था है, जो अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला के मंदिर संघर्ष पर भी कार्य करती है और मां सीताजी के प्राकट्य-क्षेत्र सीतामढ़ी में भी मां सीताजी को श्रीभगवती के रूप में स्थापित करने के प्रति संकल्पित है। साथ ही माता सीता के प्रति सीतामढ़ी में काउंसिल के सतत् कार्यों को देखते हुए बिहार सरकार ने काउंसिल को 12 एकड़ जमीन भी आवंटित की है। ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष व प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि रामायण रिसर्च काउंसिल के ट्रस्टी व भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व उच्चाधिकारी देवदत्त शर्मा भारतीय चित्रकला के अत्यन्त प्रेमी व प्रशंसक हैं।इसीलिए वे अपनी संस्था के द्वारा प्रति वर्ष देश भर के चित्रकारों को वृन्दावन बुलाकर उनकी कार्यशाला आयोजित करते हैं।साथ ही उन्हें सम्मानित कर उनकी कला को प्रोत्साहित करते हैं।चित्रकला के क्षेत्र में उनकी यह सेवा अत्यन्त प्रशंसनीय है।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात संत स्वामी गोविंदानंद तीर्थ व महामंडलेश्वर स्वामी चित्प्रकाशानंद महाराज, विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे पद्मश्री कृष्ण कन्हाई चित्रकार, डॉ. राधाकांत शर्मा, चित्रकार अनिल सोनी एवं विक्रम जीत (उड़ीसा)आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# श्री रामलीला समिति (रजि.) हापुड़ के तत्वाधान मे आयोजित श्री रामलीला

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंहवरिष्ठ



हापुड़ महोत्सव में के मंचन का आयोजन प्रधान विनोद कुमार वर्मा महामंत्री उमेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष शुभम गोयल (एड.) ने प्रभु श्री राम जी माता सीता जी और भैया लक्ष्मण जी की आरती करके किया गया। मंचन के दौरान वृन्दावन से पधारे *परम श्रद्धेय श्री पवन देव चतुर्वेदी जी व्यास जी महाराज* ने बताया कि भगवान श्रीराम जी के विवाह के पश्चात का दृश्य श्री राम जी महाराज का जब विवाह हो गया तो चारों भाई विवाह करके अयोध्या जी लौटे। लौटने के बाद अयोध्या जी में सब आनंद मंगल रहा। फिर एक दिन महाराज श्री दशरथ ने भगवान श्री राम को युवराज पद देने की घोषणा का प्रसंग चला। *माता कैकई द्वारा महाराजा दशरथ जी से 2 वरदान मांगना*- जब माता कैकई जी को यह बात पता चली कि महाराज श्री दशरथ जी, भगवान श्री राम को अयोध्या जी का राज पाठ देने वाले हैं तब उन्होंने महाराज श्री दशरथ जी को देव असुर संग्राम में महाराज द्वारा दिए गए दो वरदान जो बाकी थे याद दिलाए। और माता कैकई ने अपने प्रथम वरदान में भरत जी को अयोध्या का राज्य और दूसरे वरदान में श्री राम को 14 वर्ष का वनवास मांगा। जिसे सुनकर महाराज श्री बहुत कष्टमय हुए। और पृथ्वी पर गिर पड़े।। यह प्रसंग चला। जब भगवान श्री राम ने किया वन को प्रस्थान*- महाराज श्री दशरथ जी द्वारा श्री राम को बुलाया गया और उन्होंने माता कैकई के दो वरदानों का वृतांत बताया तब श्री राम वन के लिए प्रस्थान करते हैं एवं साथ में माता सीता जी एवं लक्ष्मण जी भी चल दिए। समस्त अयोध्या वासी बहुत दुखी हुए के अद्भुत प्रसंग का आनंद लीला के रूप में देखकर कर भक्त भाव विभोर हो गये।

# सीमा प्रहरियों के कल्याण के लिए मथुरा में हुई महत्वपूर्ण बैठक

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, और शहीद परिवारों के कल्याण के लिए 21 सितंबर 2025 को मथुरा के बाद ग्राम में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सीमा प्रहरी कल्याण संस्था, भरतपुर (राजस्थान) के नेतृत्व में की गई। इस बैठक में लगभग 60 सेवानिवृत्त कर्मियों, वीर नारियों और शहीद परिवारों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य बीएसएफ से सेवानिवृत्त हुए जवानों, उनकी विधवाओं और शहीद परिवारों को केंद्र, राज्य और विभाग स्तर पर मिलने वाली सुविधाओं और लाभों के बारे में जानकारी देना था। बैठक के संयोजक, सेवानिवृत्त उप कमाण्डेंट बदन सिंह ने सभी को इन लाभों को प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया। साथ ही उन्होंने कहा कि यह बैठक एक महत्वपूर्ण विषय चर्चा हेतु आयोजित की गई है, जो केंद्रीय सरकार की स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) वेलनेस सेंटर को मथुरा जिला मुख्यालय में स्थापित करना है। सेवानिवृत्त उपकमाण्डेंट बदन सिंह ने कहा कि, इस कदम से सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) सेवानिवृत्त कर्मियों, वीर नारियों और उनके परिवारों को मथुरा में ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। बैठक में उपस्थित सदस्यों के अनुरोध पर मथुरा में एक नई संस्था के गठन का प्रस्ताव भी स्वीकार किया गया।

# रामलीला देती हैं कलाकारों को मंच, एम एल सी प्रतिनिधि उमेश प्रताप ने अड़ींग में लीला का शुभारंभ किया



वेलकम इंडिया

**मथुरा/अड़ींग।** बिहारी जी मंदिर अड़ींग पर परंपरागत रामलीला का आयोजन शुरू हो गया। रविवार को गणेश पूजन एवं नारद मोह की लीला हुई। एम एल सी ठाकुर ओमप्रकाश सिंह के प्रतिनिधि उमेश प्रताप ने पूजन कर शुभारंभ किया।।

उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से हमें सीख लेनी चाहिए। लीला देखकर उसे जीवन में ढालने का काम करें। रामलीला ग्रामीण कलाकारों को निखारने के मंच हैं। इन्हें मर्यादित तरीके से संवारना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में सूरजभान यादव, छैल बिहारी शर्मा, नन्नू पंडित, शिवदत्त शर्मा, विष्णु शर्मा, हरिचरन ठाकुर,योगेश शर्मा, वीरपाल ठाकुर , महेंद्र ठाकुर, कन्हैया ठाकुर, दिलीप खण्डेलवाल, दिलीप यादव कपिल सेठ, संजय सेठ , रामनाथ, महाराज सिंह , सोनू शर्मा आदि का सहयोग रहा। पूजन पंकज पंडित ने कराया।

# सलावा गांव प्रकरण : आजाद समाज पार्टी का तहसील पर प्रदर्शन, एकतरफा कार्यवाही पर उठे सवाल


जाकिर तुर्क वेलकम इंडिया



**मेरठ।** सरधनाथाना क्षेत्र के सलावा गांव में ठाकुर और मुस्लिम समाज के बीच हुए विवाद ने अब सियासी रंग अख्तियार कर लिया है। सोमवार को आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता तहसील पहुँच गए और जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए प्रशासन पर एकतरफा कार्यवाही का आरोप लगाया। पार्टी नेताओं ने कहा कि बिना कोर्ट की इजाजत बुल्डोजर चलाना गैर-कानूनी है और यह कार्रवाई सिर्फ.एक पक्ष को दबाने की साज़िश है। प्रदर्शनकारियों ने नायब तहसीलदार को डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा और निष्पक्ष जाँच की माँग की। गौरतलब है कि गत मंगलवार को सलावा गांव में ठाकुर और मुस्लिम समाज के दो पक्षों में मामूली कहासुनी ने तनावपूर्ण हालात पैदा कर दिए थे। इसके बाद पुलिस ने ठाकुर समाज की तरफ से मुकदमा दर्ज कर आठ लोगों को जेल भेज दिया। वहीं मुस्लिम समाज के मकानों पर बुल्डोजर की कार्रवाई की गई, जिस पर कई सियासी दलों ने एतराज जताया। सोमवार को ज़िला अध्यक्ष चरण सिंह और सरधना के प्रमुख नेता शाहरूख उर्फ.बंटी कुरैशी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने तहसील पहुँचकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना पर भी सवाल उठाए और बुल्डोजर कार्रवाई करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की माँग की। इस मौके पर ओमप्रकाश, बृजमोहन, श्रीचंद, मोनू तोमर, संजय बंसल, रामकिशोर, शेर मोहम्मद, इमरान ठाकुर सभासद, सदाम अंसारी, जफर कुलंजन, हकीम कलीम समेत बड़ी तादाद में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय शॉर्ट टर्म कोर्स / संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का आयोजन किया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** राजकुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान, गाजियाबाद के कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवम् अनुसंधान संस्थान (एन0आई0टी0टी0टी0आर0) चंडीगढ के सहयोग से 5 दिवसीय राष्ट्रीय शॉर्ट टर्म कोर्स / संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी)का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक ₹ प्रभावी शिक्षण के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्लाउड आधारित उपकरण ₹ रहा। प्रो० (डॉ०) बी० सी० शर्मा, निदेशक, राजकुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान ने एन0 आई0 टी0 टी0टी0आर0 चंडीगढ की एसोसिएट प्रो0 शानो सोलंकी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ज्ञान के आदान-प्रदान और कौशल वृद्धि की यह उल्लेखनीय यात्रा आरकेजीआईटी गाजियाबाद में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के समर्पित प्रयासों और एनआईटीटीटीआर चंडीगढ़ के सहयोगात्मक समर्थन के माध्यम से 15 से 19 सितम्बर, 2025 तक हुई। इस अवसर पर कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो० (डॉ) अमित सिंघल ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कार्यक्रम 15 से 19 सितम्बर, 2025 तक आईसीटी मोड के माध्यम से परिसर में आयोजित किया गया था। इस संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) में संस्थान और अन्य संस्थाओं के विभिन्न संकायों के 34 शिक्षकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के सत्र अनुभवी और जानकार पेशेवरों द्वारा दिए गए थे और प्रतिभागियों के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करते थे। कार्यक्रम समन्वयक डॉ पवन कुमार गोयल ने बताया कि पांच दिवसीय एफडीपी के सत्रों ने प्रतिभागियों को एआई के बुनियादी सिद्धांतों, नैतिक प्रथाओं, वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों और व्यावहारिक उपकरणों का ज्ञान दिया, जिससे उनकी शिक्षण-सीखने की प्रभावशीलता में वृद्धि हुई। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संस्थान के वाईस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर प्रो० (डॉ०) लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रो० (डॉ०) डी0 के0 चौहान, निदेशक प्रो० (डॉ०) बी०सी० शर्मा ने कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग को बधाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग से डॉ० पवन कुमार गोयल, देवेश गर्ग आदि का विशेष योगदान रहा।

# ऐतिहासिक महामाया देवी मंदिर में श्रद्धालु दर्शनार्थियों का आवागमन शुरू



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** अश्विन माह के पवित्र देवी नवरात्रे आज सोमवार से प्रारंभ हो गए हैं, जहां घर-घर में मां भगवती विराजी, वहीं मां दुर्गा के स्वागतार्थ नगर के अनेक मंदिर भी सज गए हैं। मोदीनगर से सटे ग्राम सीकरी खुर्द स्थित ऐतिहासिक महामाया देवी मंदिर में आज सुबह से ही श्रद्धालु दर्शनार्थियों का आगमन शुरू हो गया। अनेक श्रद्धालु भक्तजनों ने मंदिर पहुंचकर भक्ति व शक्ति की प्रतीक मां दुर्गा के दर्शन किए तथा प्रसाद स्वरूप चुनरी, नारियल व इलायची दाने का प्रसाद चढ़ाकर सुख, शांति, समृद्धि, सम्पन्नता, निरोगता व संतान प्राप्ति आदि की मन्नतें मांगी। प्रतिवर्ष दो बार-शारदीय नवरात्रे एवं चैत्र मास से देवी नवरात्रों पर दूर दराज क्षेत्रों से श्रद्धालु दर्शनार्थियों का सैलाब यहां पहुंचता है तथा मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष नत मस्तक हो प्रसाद चढ़ाते हैं और मनोकामनाएं मांगते हैं। कहा जाता है कि सच्चे मन से मांगी गई मन्नतें मां दुर्गा अवश्य पूर्ण करती हैं।

# नही हो रहे आधार अपडेट, गोवर्धन ब्लाक से हर दिन बैरंग लौट रहे महिला-बच्चे



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** आधार में फिंगर प्रिंट अपडेट कराने को महिलाएं और बच्चे मारे-मारे फिर रहे हैं। गोवर्धन ब्लाक पर कभी बिजली की केविल बदलने तो कभी सर्वर न आने से लोगों को एक हफ्ते से दौड़ाया जा रहा है। आधार में बच्चों के फिंगर अपडेट कराने के नाम पर 50-100 रुपए भी वसूले जा रहे हैं।

विदित हो कि डाकघर गोवर्धन में वयस्कों के तथा गोवर्धन ब्लाक पर छोटे बच्चों के आधार अपडेट किए जा रहे हैं। बचपन में बने आधार के फिंगर अब शारीरिक विकास के चलते मैच नहीं होते। इसके चलते राशन से लेकर हर जगह फिंगर प्रिंट अपडेट कराना जरूरी हो गया है लेकिन 20-25 हजार की आबादी वाले गांवों में भी आधार अपडेट के सेंटर नहीं हैं। इसके चलते गोवर्धन क्षेत्र के लोग डीग राजस्थान तक आधार अपडेट कराते फिर रहे हैं। इसी का फायदा आधार सेंटर संचालक मनमानी वसूली कर उठा रहे हैं। आन्योर निवासी शीला पत्नी धर्मवीर का पति की मृत्यु के बाद राशन से भी काफी काम चलता है। वह तीन छोटो बच्चों के फिंगर अपडेट करिने को छह माह से यहां वहां चक्कर लगा रही हैं। सोमवार को उन्हें गोवर्धन ब्लाक से भी खाली हाथ लौटना पड़ा।

माधुरी कुण्ड गांव से बच्चों और महिलाएं एक मैक्स में भर कर आई थीं। अन्य गांवों से भी छोटे बच्चों के साथ महिलाएं समूह में आती हैं लेकिन उन्हें कभी सर्वर ठप होने, कभी केविल बदले जाने जैसे बहानों से आजिज आना पड़ रहा है। गोवर्धन ब्लाक पर एक हफ्ते से विद्युत व्यवस्था की बदहाली लोगों की परेशानी का कारण बन रही है।

# मथुरा में साइन पैथ लेब का हुआ उद्घाटन



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के निकट सोमवार को साइन पैथ लेब का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी, बलदेव नेहा रावत ने किया। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि लैब आधुनिक मशीनों से सुसज्जित है जो जांच में सही बीमारी का पता लगाने में सहायक होगी। मैनेजर वीरेन्द्र चौधरी ने बताया कि हर तरह की जांच साइन पैथ लेब में उपलब्ध है जिसमें गरीबों को विशेष छूट प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का पटुका और तस्वीर देकर सम्मान किया गया इस दौरान दिनेश तिवारी, योगेश तिवारी, भगत सिंह, सुनील तिवारी, पृथ्वी सिंह, भगवान सिंह, अजय फौजदार, कपिल सिंह, इंद्र सिंह, खान सिंह, ललित चौधरी, समीर खान, कृष्ण मुरारी शर्मा, बच्चू सिंह, जगदीश चौधरी, छत्तर सिंह, देवो, मदन, पुष्पेंद्र आदि मौजूद रहे।

# तीन दिन में सड़कों के गड्ढे नहीं भरे गए तो होगा बड़ा आंदोलन- डॉ. बबली

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले पीडब्ल्यूडी ऑफिस गाजियाबाद पर मोदीनगर देहात की खराब सड़कों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया मोर्चे के अध्यक्ष डॉ बबली गुर्जर ने बताया कि। मुख्य रूप से सीकरी खुर्द से कलछिना तक व काजमपुर से दौसा तक सड़कों की हालत बहुत खराब है गड्ढों में सड़क है मोर्चा के महासचिव राहुल गुर्जर व उपाध्यक्ष निर्दोष खटाना ने बताया कि पिछले पंद्रह दिन के अंदर कई दुर्घटनाएं सड़क खराब होने की वजह से हो गई हैं उनको लेकर पीडब्ल्यूडी ऑफिस में धरना दिया गया लगभग 1 घंटे के बाद अधिशासी अभियंता राम राजा एवं इंजीनियर सुरेंद्र सिंह के साथ मोर्चा के पदाधिकारी एवं किसानों के साथ वार्ता हुई। लगभग 1 घंटे वार्ता चलने के बाद अधिशासी अभियंता ने आश्वासन दिया कि दोनों सड़कों के गड्ढे 3 दिन में भर दिए जाएंगे और जल्द ही स्टीमेट सैंक्शन कराकर सीकरी कलछिना मार्ग के चौड़ीकरण के साथ मशीन से सड़क बनाई जाएगी काजमपुर से दौसा मार्ग के गड्ढे भी तीन दिन में भर दिए जाएंगे और एक महीने के अंदर सड़क बनवा दी जाएगी अधिशासी अभियंता को 3 दिन में गड्ढे भरवाने की शर्त पर ज्ञापन देकर धरना समाप्त किया। इस मौके पर मुख्य रूप से सुनील प्रधान संजय खटाना, राहुल सिंह रमेश महाशय विक्रम सिंह जीत सिंह परसराम प्रधान जी मोहित प्वाइंटिंग गुर्जर राम लखन गुर्जर जयप्रकाश शर्मा मोनू प्रधान साहब सिंह गुर्जर। बलबीर भड़ाना तिलकराज अधाणा अमित प्रधान नवीन जैन बीरसिंह चंदीला राज वर्मा व मोर्चे के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# गांव खंजरपुर के निवासियों ने पंजाब में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए 6,55,551 रुपए दिए



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** तहसील के गांव खंजरपुर के निवासियों ने पंजाब में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए एक सराहनीय पहल की है। गांव के सभी निवासियों, बुजुर्गों, और युवाओं ने मिलकर 6,55,551 का चंदा इकट्ठा किया। इस धनराशि को दिल्ली के चांदनी चौक स्थित गुरुद्वारा शीशगंज में गुरुद्वारा समिति को सौंपा गया। यह धनराशि पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के राहत कार्यों में इस्तेमाल की जाएगी। गुरुद्वारा समिति ने खंजरपुर गांव के इस नेक काम की सराहना की और प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल को गुरुद्वारे के ऐतिहासिक स्थलों, जैसे कि वहां की विशेष वस्तुओं, निशानियों, और कुएं से परिचित कराया गया।इस दौरान सभी ने बड़े प्रेम से लंगर भी ग्रहण किया। दिल्ली स्थित गुरुद्वारा में जाने वाले प्रतिनिधि मंडल में गांव के मास्टर प्रेम चौधरी खंजरपुर, देवेंद्र सिंह सांगवान, कुशलपाल तेवतिया, उदयवीर सिंह धतरवाल, और संजीव कुमार (पप्पू) शामिल थे।गांव खंजरपुर के निवासियों ने पहले भी किसान आंदोलन जैसे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था।

# समूह के नाम पर महिलाओं के साथ हुई करोड़ों की ठगी, अब मिल रही है धमकी

वेलकम इंडिया/सूरज मौर्य



**बरेली।** भमौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सरदारनगर में महिलाओं के साथ करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी और मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना में करिश्मा पत्नी राहुल, भोली देवी पत्नी रामसिंह, अर्पणा पत्नी पूरन लाल, गीता पत्नी धर्मवीर, राज कुमारी पत्नी रंजीत सहित अन्य महिलाओं ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सुनैना ठाकुर पत्नी सुनील ठाकुर ने अपने साथियों जयप्रकाश, सुनील, आदित्य, मनोज और देव प्रकाश के साथ मिलकर षड़यंत्र रचकर महिलाओं को ठगा है। पीड़ित महिलाओं ने बताया है कि आरोपियों ने उनके आधार कार्ड और फोटो का दुरुपयोग करके बैंक से समूह लोन दिलवाया। इस लोन का इस्तेमाल वाशिंग मशीन, पंखा, सिलाई मशीन और पुत्रियों के विवाह के लिए अनुदान दिलाने के नाम पर किया गया। पीड़िताओं का आरोप है कि इस प्रक्रिया में तीन गांव की सैकड़ों महिलाओं के करोड़ों रुपये हड़प कर लिए गए। जैसे ही महिलाओं ने लोन की किस्तें न चुकाने पर पैसा वापस माँगना शुरू किया, आरोपियों ने मारपीट की और गाली-गलौज की। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि आरोपियों ने जाति सूचक गालियां देते हुए धमकी दी कि अगर दोबारा पैसे मांगने आए तो गोली मार दी जाएगी। साथ ही लक्ष्मी नामक महिला का जेवर भी चोरी कर बेच दिया गया। महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया है कि शिकायत के बावजूद थाने में कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे उनकी सुरक्षा और न्याय की मांग अधूरी ही रह गई। उनका कहना है कि हमारे साथ ना केवल आर्थिक धोखाधड़ी हुई बल्कि जान से मारने की धमकियां भी दी गई। हमारी सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग है।

# 60 लाख रुपए की अफीम और स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, तीन फरार

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** नवरात्र की पूर्व संध्या पर थाना बारादरी पुलिस ने नशे के कारोबार में लिप्त गिरोह के दो शातिर तस्करों को दबोच लिया। पुलिस ने इनके पास से 900 ग्राम अफीम, 200 ग्राम स्मैक और 3.5 किलो कट पाउडर बरामद किया है। बरामद मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 60 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से 94 हजार रुपये नकद, पांच मोबाइल फोन और दो वाहन (मोटरसाइकिल व स्कूटी) भी कब्जे में लिए हैं। वहीं गिरोह के तीन सदस्य अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। एसएसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक थाना बारादरी की टीम ने सोमवार देर रात पुराने रेलवे ग्राउंड में दबिश दी। यहां सुनसान जगह पर खड़े पांच संदिग्धों को पुलिस ने घेर लिया। दबाव बनाने पर दो आरोपी पकड़ में आ गए, जबकि तीन अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पकड़े गए आरोपियों की पहचान साजिद (45) हाल निवासी फाईक एंक्लेव फेस-2 बारादरी और रेहान (28) निवासी जोखनपुर थाना बहेड़ी के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि साजिद पहले टेलरिंग का काम करता था। बाद में नन्हे नामक तस्कर के संपर्क में आकर स्मैक और अफीम के धंधे में उतर गया। इस धंधे से कमाई कर उसने फाईक एंक्लेव में तीन मंजिला मकान बना लिया। साजिद 2021 में पीलीभीत से एनडीपीएस एक्ट में जेल जा चुका है। इसी तरह रेहान की ससुराल हल्द्वानी में है और वहीं से धंधा करता है। वह भी दो बार एनडीपीएस एक्ट में जेल जा चुका है। दोनों की पहचान जेल से न्यायालय ले जाते समय हुई थी और तभी से यह नशे का कारोबार साथ मिलकर करने लगे। फरार आरोपी नन्हे और उसका बेटा रोहित उर्फ शोएब (निवासी अर्सिया बोजा, थाना बहेड़ी) गिरोह के मास्टर माइंड बताए जा रहे हैं।

# जैन शिकंजी के नाम का बार-बार दुरुपयोग करने के मामले में कोर्ट ने सजा सुनाई

**मोदीनगर।** जैन शिकंजी के मालिक सतीश जैन ने बताया कि हमारे रजिस्टर्ड ब्रांड जैन शिकंजी के नाम का बार-बार दुरुपयोग करने के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट की डबल बेंच ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने अनुभव जैन को 8 सप्ताह की जेल की सजा सुनाई। अदालत ने अनुभव जैन को 19 सितम्बर 2025 तक कड़कड़डूमा अदालत में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया था, किंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया। इस पर गंभीरता दिखाते हुए अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर पुलिस को निर्देश दिया कि उन्हें गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जाए। पूर्व में भी अदालत ने अनुभव जैन व प्रदीप जैन को हमारे रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क जैन शिकंजी जैन शिकंजी रेस्टोरेंट या उनसे मिलते-जुलते किसी भी नाम का उपयोग करने से रोक दिया था। इसके बावजूद ये लोग अवैध रूप से ₹प्रदीप जैन शिकंजी₹ नाम से बोतलें बेच रहे हैं, जो न्यायालय की स्पष्ट अवमानना है। इनकी बोतलें संगरिया बेवरेजेस कंपनी द्वारा बनाई जा रही हैं, जिसे पहले ही कानूनी नोटिस दिया जा चुका है। यह फैसला हमारे ब्रांड की साख और उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# धीरज ओझा की माग पर रेलमन्त्री का एक्शन सुधरेगा अडरपास और दोषी होगे दडित

**प्रतापगढ़** ।जनपद के फायरब्रान्ड नेता पूर्व भाजपा विधायक ने जनपद वासियो की माग पर जनपद के दोषपूर्ण निर्मित अडरपास को सुधार के लिए राज्यसभा सासद अमरपाल मौर्य के सम्मुख विषय को उठाया था ।जिसपर राज्यसभा सांसद ने धीरज ओझा की माग को रेलमन्त्री अश्विन वैष्णव तक पहुचाया। जिस पर रेलमन्त्री ने अडरपास को सुधार करने और जाच कर दोषी की पहचान कर कार्यवाही का निर्देश दिया है। प्रतापगढ़ जनपद के तात्कालीन सासद संगम लाल गुप्ता की पहल पर उनके कार्यकाल के दौरान रानीगज विधान सभा के रामपुर क्षेत्र मे अडरपास बना था ।जो नक्शे अनुसार न बनवाकर निकास को गलत दिशा मे बना दिया ।जिससे अडरपास का महत्व ही खत्म हो गया और क्षेत्रवासी विधार्थी सब परेशान हो गये ।लेकिन क्षेत्रीय जनो की इस समस्या पर जनपद के नेताओ की नजर नही पडी ना ही निर्वतमान सासद सगमलाल गुप्ता को ही दिखा कि उनके कार्यकाल मे बना अडरपास सिर्फ पत्थर का ढाचा मात्र है ।जिसे क्षेत्रीय जन देख तो सकते है ।लेकिन उपयोग अर्थहीन है। धीरज ओझा ने समस्या पर उठायी आवाज – क्षेत्रीय जनो के द्वारा समस्या से अवगत होने पर निर्वतमान विधायक का पारा चढा और उन्होने अपने चिरपरिचित फायरब्रान्ड वाले अन्दाज मे राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य के सामने विषय को उठाया। चूकि मामला धीरज ओझा ने उठाया था इसलिए सांसद महोदय ने तत्काल रेलमन्त्री को पत्र लिख अडरपास के निकास को नक्शे अनुसार बनवाने और दोषी पर कार्यवाही की माग कर दी । जिस पर रेल मन्त्री अश्विन वैष्णव ने जिम्मेदार को नक्शे के अनुसार अडरपास बनाने का निर्देश देते हुए निर्देशित किया कि नक्शे मे हेर फेर करने वालो की जाच कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# कांग्रेसी नेता एडवोकेट हरीश भट्ट की माता का निधन, शोक

वेलकम इंडिया



**गरुड़।** कांग्रेसी नेता एडवोकेट हरीश भट्ट की माता शांती भट्ट का निधन हो गया है। वह 78 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार सरयू-गोमती तट पर किया गया। उनके निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री गोपाल दत्त भट्ट, दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट, विधायक पार्वती दास, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, नपं अध्यक्ष भावना वर्मा, भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी ,एडवोकेट डीके जोशी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश जोशी, वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर बड़सीला, अनिल पांडे, दिनेश नेगी,शिक्षक सुरेश जोशी, एडवोकेट जेसी आर्या, चंद्रशेखर कांडपाल, उमेश पांडे, सुंदर बोरा, नारायण सिंह थायत, हरीश थायत, पवन लोहुमी, जिपंस बबलू नेगी, जिपं सदस्य जनार्दन लोहुमी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश कोरंगा, प्रकाश कोहली, लक्ष्मण आर्या, दीवान नेगी, पदम सिंह अल्मिया, प्रकाश नेगी, व्यापार संघ के अध्यक्ष महेश बिष्ट ठाकुर, जीवन चंद्र दुबे, सभासद अंकित जोशी, हेम वर्मा, नारायण दत्त भट्ट, मोहनदा, विनोद भट्ट, तारा दत्त भट्ट, किशन भंडारी, नंदकिशोर कांडपाल, कैलाश जोशी, प्रयाग दत्त जोशी, मोहन जोशी, , दयाल गिरी, विपिन चंद्र तिवारी, नीरज सनवाल आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# ऊर्जा निगम से मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर संघर्ष समिति अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,गोविन्द** मेहता, मंडलसेरा वार्ड निवासी मजदूर सुंदर राम पुत्र नंदन राम की मजदूरी करने के दौरान करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी ।जिसके बाद मृतक के परिवार में दुखों का पहाड़ टूट गया ।वही मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा राशि नही मिल पाने से परिजनों में रोष है। परिजनों ने निवर्तमान नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष और बागेश्वर संघर्ष समिति के अध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और मृतक के परिजनों की दयनीय स्थिति के आधार पर परिवार के भरण पोषण हेतु उचित मुआवजा देने की मांग की ।परिजनों ने जिलाधिकारी आशीष भटगाई से अत्यंत विपरीत परिस्थितियों में घर का संचालन होने, बच्चों के पठन पाठन सहित उनके पालन पोषण हेतु कोई अन्य साधन नही होने, भुखमरी की स्थिति में होने,की बात कहते हुए मंडलसेरा के भनार तोक के लोगों ने मुआवजा देने की मांग को लेकर कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में मृतक के परिजनों ने कहा कि मकान के निर्माण के दौरान मजदूरी कर रहे सुंदर को करंट लगा और वह झटके से नीचे गिर गया। इस हादसे में उसकी मौत हो गई, लेकिन ऊर्जा निगम ने आज तक पीड़ित को मुआवजा तक नहीं दिया। जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी करंट लगने की पुष्टि हुई है ।परंतु अब तक परिजनों की कोई सुध नही ली गई है ।वही अकेले मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करने वाले मजदूर की असामयिक मौत के बाद परिजन आर्थिक और मानसिक रूप से अत्यंत परेशान हो गए हैं। बागेश्वर संघर्ष समिति के अध्यक्ष कवि जोशी ने परिजनों की व्यथा जिलाधिकारी के समक्ष रखते हुए मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा राशि और परिवार के लोगों को इस दुख की घड़ी में हरसंभव सहयोग देने की अपील की ।इस आशय का एक ज्ञापन डीएम को सौंपा। मृतक की पत्नी निशा देवी ने जिलाधिकारी से कहा कि पति की मौत के बाद परिवार में रोजी रोटी के संकट हो गया है, साथ ही उनके अंत्येष्टि के साथ उनकी आत्मा की शांति हेतु किए जाने वाले श्राद्ध इत्यादि कार्य में भी अत्यंत कर्जा हो गया है ।जिस कारण बेहद कठिनाइयों से जीवन यापन हो रहा है ।उन्होंने शीघ्र ऊर्जा निगम से उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष कवि जोशी ने जल्द प्रभावित परिवार को उचित मुआवजा नही देने पर परिवारजनों के साथ आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है।

# घटा जीएसटी: जिले के सभी व्यापारियों ने जताया आभार

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गई ऐतिहासिक कटौती का असर अब गली-गली और बाजार-बाजार तक दिखाई देने लगा है। सोमवार को चौधरी मोड़ पर आयोजित व्यापारी बैठक में व्यापार जगत ने इस निर्णय का जोरदार स्वागत किया और प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। बैठक में शामिल व्यापारी नेताओं ने कहा कि जीएसटी में यह कमी न केवल छोटे दुकानदारों को राहत देगी बल्कि बड़े उद्योगों को भी प्रतिस्पर्धा में मजबूती प्रदान करेगी।

उपभोक्ताओं को भी वस्तुएँ पहले की तुलना में अधिक सस्ती उपलब्ध होंगी, जिससे बाजार की रौनक और उपभोक्ता विश्वास दोनों बढ़ेंगे। व्यापारियों का मानना है कि घटे हुए जीएसटी से व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी। स्थानीय बाजारों के साथ-साथ राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को भी इससे नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। लंबे समय से व्यापारी संगठनों द्वारा जीएसटी दरों में कटौती की मांग उठाई जा रही थी, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने समय रहते पूरा कर दिया। व्यापारी वर्ग ने इसे आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती वास्तव में जनता के लिए महंगाई के खिलाफ एक बड़ा गिफ्ट है। इस फैसले से न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश के सभी राज्यों के उपभोक्ताओं और व्यापारियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी में कटौती से महंगाई की दर घटेगी, लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और देश का आर्थिक ढांचा पहले से कहीं अधिक मजबूत होगा। यह कदम भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में अहम साबित होगा। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि घटे हुए जीएसटी से छोटे दुकानदारों को सीधे तौर पर फायदा होगा और उनका कारोबार तेजी से आगे बढ़ेगा। ओबीसी मोर्चा मीडिया प्रभारी सौरव जयसवाल ने इसे ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए कहा कि इससे छोटे और मंझोले व्यापारी मजबूत होंगे। ओबीसी मोर्चा महानगर अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि यह कदम कारोबारियों का आत्मविश्वास बढ़ाएगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ाएगा। महामंत्री सुशील गौतम ने कहा कि उपभोक्ताओं के लिए सुलभ दामों पर वस्तुएँ उपलब्ध होना बड़ी राहत है, जिससे बाजार में खरीदारी की रफ्तार तेज होगी। बैठक में मौजूद अन्य व्यापारियों ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस फैसले से व्यापार जगत को नई दिशा मिलेगी और उद्योग-व्यापार को नई गति प्राप्त होगी।

# इनरव्हील क्लब ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



वेलकम इंडिया

**एनसीआर।** इनरव्हील क्लब नवीन डिस्ट्रिक्ट 301 ने सोमवार को एक अनोखी पहल के जरिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। क्लब द्वारा कपड़े के थैलों का वितरण किया गया, जिन पर इनरव्हील का लोगो अंकित था। इस अवसर पर क्लब की सभी सदस्याओं ने पॉलिथीन और प्लास्टिक थैलों का बहिष्कार करने का सामूहिक संकल्प लिया। उनका कहना था कि यदि हम सचमुच धरती को बचाना चाहते हैं, तो हमें अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में इको-फ्रेंडली विकल्पों को अपनाना ही होगा। क्लब की प्रधान अदिति भारद्वाज ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पॉलिथीन और प्लास्टिक प्रदूषण न केवल शहर बल्कि पूरे देश के लिए गंभीर समस्या बन चुका है। प्लास्टिक कचरे से नदियाँ और नाले जाम हो रहे हैं, भूमि की उर्वरता घट रही है और पशु-पक्षियों का जीवन भी खतरे में पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए हमें घर-घर जागरूकता फैलानी होगी और अपनी आदतों में बदलाव करना होगा। अदिति भारद्वाज ने हाथ जोड़कर लोगों से अपील की कि वे रीसायकल और री-यूज की आदत डालें। उनका कहना था कि हमें ऐसा कोई भी सामान लैंडफिल में नहीं जाने देना चाहिए। यदि हम पुराने कपड़े, कागज, धातु और प्लास्टिक की चीजों को रीसायकल करेंगे, तो प्रदूषण अपने आप घटेगा और धरती को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज हम जो कदम उठा रहे हैं, वही आने वाली पीढियों के भविष्य को सुरक्षित करेगा।



# विधायक ने 40 लाख की लागत से किए विकास कार्यों का शुभारंभ

वेलकम इंडिया

> शुभारंभ अवसर पर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि जनता ने उन्हें जिस विश्वास के साथ अपना प्रतिनिधि चुना है, उस पर खरा उतरना उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद की जनता उनका परिवार है और परिवार के हर सदस्य की समस्या का समाधान करना ही उनका ध्येय है।

**गाजियाबाद।** शहर को आदर्श और विकसित शहर बनाने के संकल्प के साथ जुटे विधायक संजीव शर्मा ने सोमवार को वार्ड 1 और वार्ड 14 में कई विकास कार्यों का शुभारंभ किया। करीब 40 लाख की अनुमानित लागत वाले इन कार्यों के शुरू होते ही क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय जनता ने विधायक का जोरदार स्वागत कर आभार जताया। वार्ड 1, क्रिश्चियन बागू क्षेत्र में विमल के मकान से बाला यादव के मकान तक सीसी रोड और नाली का निर्माण कार्य शुरू हुआ, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 13 लाख रुपये है। इसी वार्ड में चंद्रपाल आटा चक्की से रामकिशन के मकान तक सीसी रोड का निर्माण भी कराया जा रहा है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 10 लाख रुपये है। इन दोनों परियोजनाओं से क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही बुनियादी समस्याओं का समाधान होगा। वार्ड 14, विजय नगर में डेंस रोड और दोनों तरफ इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का कार्य भी आरंभ कर दिया गया है। इसकी अनुमानित लागत 17.50 लाख रुपये है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि बारिश के दिनों में गंदगी और जलभराव की समस्या से भी राहत मिलेगी।विधायक संजीव शर्मा के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि विधायक बनने के बाद से ही संजीव शर्मा लगातार जनसेवक के रूप में काम कर रहे हैं। वे रोज विभिन्न वार्डों में जाकर विकास कार्यों का उद्घाटन कर रहे हैं और क्षेत्र की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा और जल्द ही गाजियाबाद शहर एक आदर्श शहर के रूप में अपनी पहचान बनाएगा।

## विभोर वैभव इंफ्रा होम्स की ईडब्लूएस योजना का 24 सितंबर को लकी ड्रा

**गाजियाबाद।** मैसर्स विभोर वैभव इंफ्रा होम्स प्राइवेट लिमिटेड (वीवीआईपी) द्वारा विकसित और निमार्णाधीन ईडब्लूएस (अत्यल्प आय वर्ग) भवनों के पात्र आवेदकों का आवंटन अब लकी ड्रॉ के माध्यम से किया जाएगा। यह ड्रॉ 24 सितंबर 2025 को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के कार्यालय में आयोजित होगा। पहले इस ड्रॉ को लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में आयोजित किए जाने का प्रावधान था, लेकिन अब इसे गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में स्थानांतरित किया गया है।

# जिले में 26 हजार से अधिक ई-रिक्शाओं के लिए नंबर और रंगीन स्टिकर के साथ पहचान सुनिश्चित

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिले में पंजीकृत 26 हजार से अधिक ई-रिक्शाओं के संचालन को और अधिक व्यवस्थित और सुचारू बनाने के लिए प्रशासन ने एक व्यापक योजना शुरू की है। इस योजना के तहत सभी ई-रिक्शाओं पर क्यूआर कोड लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से यात्री या पुलिस अधिकारी ई-रिक्शा के पंजीकरण की पूरी जानकारी जैसे मालिक का नाम, पता और मोबाइल नंबर तुरंत प्राप्त कर सकेंगे। यातायात पुलिस ने जिले को पांच अलग-अलग जोन में बांटा है, और प्रत्येक जोन की ई-रिक्शाओं पर अलग-अलग रंग के स्टिकर लगाए जाएंगे। इस योजना का उद्देश्य न केवल ई-रिक्शाओं की पहचान को आसान बनाना है, बल्कि यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को भी बढ़ाना है। सोमवार को अपर पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी ने पुलिस लाइन में 186 ई-रिक्शाओं पर क्यूआर कोड लगाकर अभियान की शुरूआत की। इन ई-रिक्शाओं को सड़क पर उतारकर परीक्षण किया गया। गाजियाबाद प्रदेश का पहला कमिश्नरेट है जहां पूरे जिले में यह योजना एक साथ लागू की जा रही है। अभियान के दौरान जोन के अनुसार ई-रिक्शाओं को नंबर और स्टिकर का रंग देने के लिए रोजाना कार्रवाई की जाएगी। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने बताया कि इस योजना से जिले में चलते-फिरते और आराम करते समय ई-रिक्शा की पहचान करना आसान हो जाएगा।

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ई-रिक्शा के आगे, पीछे और अंदर क्यूआर कोड और नंबर वाले स्टिकर लगाए जाएंगे।



## त्यौहारों पर मिलावटखोरों पर शिकंजा, 54 नमूने जाँच को भेजे

**गाजियाबाद।** नवरात्रि और दशहरा पर्व के अवसर पर आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापरक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने जनपद में विशेष चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। सहायक आयुक्त (खाद्य)–द्वितीय अरविन्द कुमार यादव के नेतृत्व में पाँच टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें 18 सितम्बर 2025 से लगातार प्रवर्तन कार्यवाही कर रही हैं। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों से बड़ी संख्या में नमूने एकत्र किए। मिठाई की दुकानों से लेकर किराना स्टोर और बड़े–बड़े रिटेल मार्ट तक की गहन जाँच की गई।

# राज्य सरकार में मंत्री और एससी/ एसटी एक्ट के सदस्य रमेश चंद्र कुंडे ने गाजियाबाद में मेधावी छात्रों को दिया पुरस्कार

वेलकम इंडिया



आज गाजियाबाद में एक शिक्षक सम्मान समारोह में रमेश चंद्र कुंडे पधारे जहां पर उन्होंने मेधावी छात्रों/प्रधानाचार्य और शिक्षकों को सम्मान पुरस्कार दिया वहीं उन्होंने खास बातचीत में बताया किस तरह से पहले की सरकारों और आज की सरकार में एससी-एसटी एक्ट के लाभार्थियों को पहले के मुकाबले बहुत अधिक लाभ मिल रहा है मंत्री रमेश चंद्र कुंड ने बताया कि पहले लाभार्थियों को लाभ से वंचित रखा जाता था वहीं आज लाभार्थियों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल रहा है अधिक बातचीत में उन्होंने बताया कि जिस प्रकार से राहुल गांधी/अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं ऐसे में उन्होंने बताया कि यह आरोप निराधार है जिसका जवाब निर्वाचन आयोग दे चुका है, उनका कहना है जब आयोग कई बार उनको लिख चुका है की आप आकर आरोप सिद्ध करें तो राहुल गांधी क्यों नहीं जाते हैं दूसरी ओर यदि उनके आरोप में कुछ आधार है तो वे कोर्ट क्यों नहीं जाते हैं वहीं यूपी की कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा को लेकर भी रमेश चंद्र कुंडे ने बताया की सरकार माफियाओं गुंडो का सफाया से लगाकर महिला सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है बेहतर सुरक्षा मुहैया कराना सरकार का संकल्प है। रमेश चंद्र कुंडे ने बताया कि जिस प्रकार से प्रदेश में सपेरा समाज के लोगों को प्रमाण पत्र और उनको मिलने वाले लाभ में परेशानी हो रही थी अब सरकार ने एक बोर्ड की स्थापना की है और उनको मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है और अब उनको उनके बेहतर भविष्य के लिए एससी एसटी एक्ट से भी ज्यादा सुविधा सरकार देने का भरोसा देती है।

शोक सन्देश

नैनं छिदन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।



अत्यन्त दु:ख के साथ आपको सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी श्री हरपाल सिंह तोमर का स्वर्गवास दिनांक 18 सितम्बर 2025 दिन बृहस्पतिवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

जिनकी तेरहवीं दिनांक 24 सितम्बर 2025, दिन बुधवार को होनी निश्चित हुई है।

कार्यक्रम

हवन ........................................ 8.00 बजे प्रात:
ब्रह्मभोज ........................................ 10.00 बजे दोपहर

स्थान : गॉव लहोडडा, बडौत, बागपत।

: शोकाकुल :

सुपुत्र : सचिन तोमर (नवीन चौधरी)
फोन : 9891915599

भाई : मा. इन्दरपाल तोमर, मा. जगवीर सिंह तोमर,
श्री निवास तोमर, बिरसल तोमर,
विनय तोमर, ओम सिंह तोमर